दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
www.navpradesh.com | बिलासपुर, सोमवार 23 नवम्बर 2020, कार्तिक शुक्ल पक्ष-नवमी, विक्रम संवत-2077 वर्ष-06 अंक-219 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए | छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, झारखंड, से एक साथ प्रकाशित

आज बेबाक

सातवें दशक में देवानंद की एक फिल्म आई थी-हरे रामा हरे कृष्णा जिसमें जीनत अमान पर फिल्माया गया गाना- दम मारो दम, मिट जाए गम... बहुत मशहूर हुआ था। लगता है फिल्मी दुनिया के लोगों के लिए यह गाना उनका मूलमंत्र बन गया है। एक के बाद एक बड़े और छोटे पर्दे के सितारे ड्रग्स एडिक्ट निकल रहे हैं। अब हास्य कलाकार भारती सिंह और उनके पति भी गंजेड़ी निकले। समझ में नहीं आता कि इतनी शोहरत और दौलत कमाने के बाद भी इन कलाकारों को आखिर किस बात का गम रहता है जिसे मिटाने उन्हें दम मारना पड़ता है?

चीन के किसी भी दु:साहस को उसीके अंदाज में जवाब देने सेना ने की तैयारी

नई दिल्ली/ए। पूर्वी लद्दाख में चीन के किसी भी दु:साहस को उसी के अंदाज में जवाब देने की तैयार भारतीय सेना ने कर ली है। चीन के किसी भी संभावित घुसपैठ से बचने के लिए भारतीय सेना ने सुरंगें बनाई हैं। पूर्वी लद्दाख में महीनों से चल रहे तनावपूर्ण माहौल को शांत करने के लिए भारत-चीन लगातार बैठकें कर रहे हैं तो वहीं, चीनी मीडिया प्रोपेगेंडा फैलाने से भी पीछे नहीं हट रही है। हाल ही में लद्दाख में झड़प के दौरान चीनी मीडिया ने माइक्रोवेव हथियारों के इस्तेमाल की फर्जी कहानी गढ़ी थी। चीन के इतिहास को देखते हुए भारतीय सेना अभी भी कोई कोताही नहीं बरत रही और पूर्वी लद्दाख के डिस-एंगेजमेंट प्रोसेस को बहुत ध्यान से देख रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन के किसी भी संभावित घुसपैठ से बचने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

■ पूर्वी लद्दाख में पीएलए की संभावित घुसपैठ से बचने भारतीय सेना ने बनाई सुरंगें

जवानों के लिए ऐसे मददगार साबित होंगी सुरंगें

वरिष्ठ सैन्य कमांडरों के अनुसार, भारतीय सेना ने दुश्मन के हमलों से जवानों को बचाने के लिए सुरंगों के जरिए से शेल्टर्स तक बड़े व्यास वाले कंक्रीट पाइपों को बिछाया है, जिससे हमलों के दौरान दुश्मन देश आश्चर्यचकित हो जाएगा। रिइंफोर्स्ड कंक्रीट पाइप का व्यास (डायमीटर) छह से आठ फीट तक होता है। इसके जरिए से जवान एक जगह से दूसरी जगह पर बिना दुश्मन सैनिक की जद में आए जा सकते हैं। सुरंगों का दूसरा फायदा यह भी होता है कि इन्हें बेहद की ठंडे तापमान के बावजूद भी अंदर से गर्म किया जा सकता ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जापानियों के खिलाफ चीन ने किया था इस टेक्नीक पर काम

चीनी ने दूसरे चीन-जापानी युद्ध में जापानियों के खिलाफ सफलतापूर्वक सुरंग बचाव का इस्तेमाल किया। विएतकोंग ने 1960 के दशक में कोरियाई युद्ध में गुरिल्ला युद्ध और उत्तर कोरियाई में अमेरिकियों के खिलाफ उसी रणनीति का इस्तेमाल किया। पीएलए ने ल्हासा एयर बेस पर हाउस एयरक्राफ्ट और साउथ चाइना सी में हैनान द्वीपों में न्यूक्लियर ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गृहमंत्री साहू ने पुलिस से कहा- एक्शन में दिखे, दिए जरूरी निर्देश

गुंडे-बदमाशों की खैर नहीं, अपराधों पर नकेल कसने पुलिस करेगी चिह्नित

■ पेट्रोलिंग बढ़ाने व चौक चौराहों पर सीसीटीवी कैमरों की संख्या बढ़ाने के लिए भी कहा

रायपुर/ए.। गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा है कि अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस एक्शन में दिखे। गृहमंत्री साहू ने पुलिस अधीक्षकों से कहा कि अपराधों पर लगाम लगाने के लिए गुण्डे-बदमाशों को चिन्हित करें, पेट्रोलिंग बढ़ाएं, चौक-चौराहों पर सीसी टी.व्ही. कैमरा की संख्या बढ़ाएं।

उन्होंने कहा कि हर थाना क्षेत्रों में अपराधों की रोकथाम के लिए अनिवार्य रूप से रात्रिकालीन गश्त की जाए। मेडिकल और आबकारी अधिकारियों से समन्वय कर नशीले पदार्थों और अवैध शराब बिक्री पर सख्त कार्यवाही की जाए। साहू रविवार को अपने रायपुर स्थित निवास कार्यालय में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कानून व्यवस्था एवं अपराधों की रोकथाम की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में संसदीय सचिव विकास उपाध्याय, अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू, पुलिस महानिदेशक डी.एम. अवस्थी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

कर्म के साथ पढ़ाया धर्म का पाठ

बैठक में गृह मंत्री साहू पुलिस को कर्म के साथ ही धर्म का पाठ पढ़ाते भी नजर आए। कहा कि पुलिस का काम आम जनता को परेशान करना नहीं होना चाहिए। पुलिस का काम आम जनता को सुरक्षा प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि अपराधों की रोकथाम के लिए सूचना प्रणाली को मजबूत रखें।

गृहमंत्री ने ये निर्देश भी दिए

होटलों में बाहर से आने वालों पर रखें नजर : गृहमंत्री ने पुलिस अधीक्षकों से यह भी कहा कि होटलों में बाहर से आने वालों पर निगरानी रखें। अपराधियों की सूचना देने वालों का नाम गोपनीय रखें। उन्होंने कहा कि शहरों के व्यस्तम इलाकों में तथा प्रमुख व्यापारिक प्रतिष्ठानों और दुकानों में सी.सी. टी.व्ही. कैमरा लगाने के लिए प्रोत्साहित करें। समय-समय पर व्यापारियों और जन प्रतिनिधियों की बैठक भी लें।

मानव तस्करी रोकने बरते विशेष सतर्कता : उन्होंने कहा कि मानव तस्करी को रोकने के लिए विशेष सर्तकता बरती जाए। महिलाओं से संबंधित अपराधों विशेषकर घरेलू हिंसा जैसे मामलों पर परिवार परामर्श केन्द्रों के माध्यम से आपसी सुलहनामा कराया जाए।

हरकत में दिखनी चाहिए पुलिस : उपाध्याय

संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने कहा कि पुलिस मित्र के माध्यम से जनता को जोड़े और अपराधों पर नियंत्रण के लिए पुलिस हरकत में दिखनी चाहिए। उन्होंने शराबखोरी, नशा, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अपर मुख्य सचिव ने कोरोना रोकथाम पर दिया जोर

बैठक में अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू ने कानून व्यवस्था के साथ ही कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। उन्होंने एयरपोर्ट और रेल्वे स्टेशनों पर यात्रियों की थर्मल स्केनिंग, ऑक्सीजन स्तर की जांच कराने के निर्देश दिए और कोरोना संक्रमितों को होम क्वारेंटीन कराने को कहा। पुलिस महानिदेशक श्री डी.एम. अवस्थी ने भी अपराधों की रोकथाम के लिए पुलिस को तत्परता से कार्य करने के निर्देश दिए।

ड्रग्स केस : भारती और उनके पति हर्ष को 4 दिसंबर तक हिरासत

मुंबई/ए.। ड्रग्स मामले में मुंबई की एक अदालत ने कॉमेडियन भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया को चार दिसंबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया। नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) ने कॉमेडियन और उनके पति से शनिवार को पूछताछ की थी, जिसके बाद भारती सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था। वहीं, जांच एजेंसी ने हर्ष लिंबाचिया को रविवार को गिरफ्तार किया। दोनों के घर से एनसीबी अधिकारियों ने गांजा बरामद किया था। भारती और हर्ष को गिरफ्तार करने के बाद एनसीबी ने दोनों को मुंबई की एक अदालत में पेश किया।

दोनों ने गांजे का सेवन स्वीकार किया : एनसीबी

एनसीबी ने पहले बताया गया था, 'भारती सिंह और उनके पति हर्ष लिंबाचिया ने गांजे का सेवन करना स्वीकार किया है।'' उन्होंने बताया कि ड्रग्स संबंधी कानून के प्रावधानों के तहत आरोपी के खिलाफमामला दर्ज किया गया है। ब्यूरो के एक अधिकारी ने कहा कि सिंह के घर से बरामद मात्रा कानून के तहत छोटी मात्रा है। एक हजार ग्राम गांजे तक को छोटी मात्रा माना जाता है और इसके लिए छह महीने तक की जेल या 10,000 रुपये का जुर्माना या दोनों सजा हो सकती है।

विमानतलों में होगी यात्रियों की कोविड स्क्रीनिंग

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने छत्तीसगढ़ में कोरोना वायरस संक्रमण को फैलने से रोकने के लिए विमान से आने जाने वाले यात्रियों का कोविड स्क्रीनिंग करने की व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डॉ. कमलप्रीत सिंह ने रायपुर और बस्तर के कमिश्नरों और कलेक्टरों को आदेश भेजकर रायपुर एवं जगदलपुर (बस्तर) स्थित एयरपोर्ट पर यात्रियों की पूर्व में जारी कोविड गाईड ■ शेष पृष्ठ 6 पर

उम्मीद है कि विधेयक पर राज्यपाल जल्द हस्ताक्षर करेंगी : सीमए बघेल

■ मंडी संशोधन विधेयक को लेकर बोले मुख्यमंत्री

रायपुर/ए.। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल रविवार को केरल के लिए रवाना हो गए। वे केरल में कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव केसी वेणुगोपाल की माता के श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शामिल होंगे। एयरपोर्ट पर चर्चा के दौरान सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि वेणु गोपाल हमारे इंचार्ज से हैं, उनके यहां पारिवारिक कार्यक्रम में जाना हो रहा है। मंडी संशोधन विधेयक पर राज्यपाल के हस्ताक्षर न होने पर

सीएम भूपेश ने कहा, अभी तक तो केवल मीडिया के माध्यम से जानकारी मिली है। मैं समझता हूं कि हमें उम्मीद रखनी चाहिए कि हस्ताक्षर होंगे। 28 नबम्बर को होने वाली कैबिनेट बैठक को ■ शेष पृष्ठ 6 पर

खास- खबर

पुलवामा में जैश-ए-मोहम्मद का आतंकवादी गिरफ्तार

श्रीनगर/(वार्ता)। जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में सुरक्षा बलों ने घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया है। आधिकारिक सूत्रों ने रविवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक सुरक्षाबलों ने शनिवार रात को पुलवामा जिले के एक गांव में घेराबंदी एवं तलाश अभियान के दौरान निसार अहमद राठेर नामक जैश-ए-मोहम्मद के एक आतंकवादी को गिरफ्तार कर लिया। वह त्राल का रहने वाला है।

डब्ल्यूटीओ का विकल्प नहीं, इसमें परिवर्तन की जरूरत: पुतिन

मॉस्को/(स्पूतनिक)। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने जी-20 सम्मेलन में शनिवार को कहा कि विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) का कोई विकल्प नहीं है लेकिन वैश्विक चुनौतियों को देखते हुए इसमें परिवर्तन की जरूरत है। पुतिन ने कहा, 'सामान्य तौर पर जी-20 को समकालीन चुनौतियों के अनुसार विश्व व्यापार संगठन में सुधार के लिए आम दृष्टिकोण की खोज जारी रखनी चाहिए।

काबुल रॉकेट हमले में 10 की मौत, 51 घायल

काबुल/ (स्पूतनिक)। अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में 23 रॉकेटों से किए गए हमले में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई है और 51 अन्य घायल हो गए हैं। अफगानिस्तान की समाचार एजेंसी पाजहॉक ने रविवार को प्रथम उपराष्ट्रपति अमिताभ सालेह का हवाले से यह जानकारी दी है। इससे पहले की रिपोर्टों में मध्य काबुल के विभिन्न क्षेत्रों में हुए विस्फोटों में आठ नागरिक मारे जाने और 50 अन्य घायल होने की बात कही गई थी।

यादव के जन्मदिन पर मोदी हुए 'मुलायम', किया फोन

लखनऊ/ए.। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को समाजवादी नेता और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव से फोन पर बात कर उन्हें जन्मदिन की बधाई दी और कहा कि वह देश के उन वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं में शुमार हैं जो कृषि और ग्रामीण विकास के प्रति भावुक रहते हैं। पीएम ने ट्वीट कर कहा कि मुलायम सिंह यादव जी से बात की और उन्हें जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। वह देश के उन वरिष्ठ और अनुभवी नेताओं में हैं जो कृषि और ग्रामीण विकास के प्रति भावुक रहते हैं। मैं उनके स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की

कामना करता हूं। अपने जन्मदिन के मौके पर मुलायाम सिंह यादव लखनऊ स्थित पार्टी कार्यालय भी पहुंचे। यहां पर उन्होंने कार्यकर्ताओं से भेंट की। इस दौरान सपा अध्यक्ष और उनके बेटे अखिलेश यादव भी मौजूद रहे। समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव फ्लिहाल खराब सेहत के कारण सक्रिय राजनीति में नहीं हैं।

राजस्व मंडल बिलासपुर का बड़ा फैसला

दाऊ कल्याण सिंह की जमीन होगी राजसात

■ तहसीलदार भाटापारा को 30 दिन में राजसात की कार्रवाई कर कलेक्टर को सूचित करने कहा

भाटापारा/नवप्रदेश। राजस्व मण्डल बिलासपुर ने छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े दानवीर दाऊ कल्याण सिंह की भाटापारा क्षेत्र में करीब 100 एकड़ जमीन को राजसात करने का फैसला दिया है। फैसले में राजस्व मंडल बिलासपुर ने टिप्पणी की कि कथित वसीयत नामे में जब राममूर्ति अग्रवाल को स्वामित्व नहीं था तो उनके वारिसानों को कैसे स्वत्व मिल सकता है। राजस्व मण्डल ने तहसीलदार को 30 दिन के भीतर दाऊ की ■ शेष पृष्ठ 6 पर

37 साल से चल रहा था संपत्ति विवाद का मामला

पिछले करीब 37 सालो से संपति विवाद से जुड़ा यह मामला आदलतों में चल रहा था। अब मंडल ने आदेश में जमीन राजसात कर शासकीय मद में दर्ज करने का आदेश तहसीलदार को दिया है।

अधिकतर जमीन इन गांवों में

भाटापारा क्षेत्र के ग्राम हथनी, औरेठी व पटपर तथा भाटापारा में स्वर्गीय दाऊ कल्याण सिंह की काफी जमीन थी। उनकी मृत्यु उपरांत ग्राम औरेठी ,हथनी ,भाटापारा एवं पटपर की जमीने उनकी दोनो पत्नियां जनक नंदनी व सरजावती दोनों के नाम पर दर्ज थीं।

सारे अभिलेख एकत्रित कर राजस्व मण्डल के निर्देशों का पालन किया जायेगा और पूर्व में बिक्री हुई जमीनों के संबंध में मार्गदर्शन वरिष्ठ अधिकारियों से लेकर उचित कार्रवाई की जायेगी। **-मयंक अग्रवाल,** तहसीलदार भाटापारा

आगरा में जहरीली शराब मामले में तीन गिरफ्तार

आगरा/ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज समेत अन्य जिलों में जहरीली शराब पीने से हुई मौत के बाद आगरा में पुलिस प्रशासन ने रविवार तड़के बसई गांव के एक मकान में छापा मारकर कच्ची शराब के साथ तीन लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस को गांव बसई में कच्ची शराब बिक्री की सूचना मिली थी। पुलिस ने एक मकान में छापा मारा। मकान में ही कच्ची शराब को पाउच में पैक किया गया था जिसे घर के अंदर दीवार में छिपाकर बनाई गई अलमारियों में रखा गया था। बाहर से दीवार लग रही थी। अंदर इसमें पाउच रखे हुए थे। पुलिस ने गंध आने पर दीवार को तोड़ा तो दंग रह गई।

दीवारों में तहखाने बनाकर कच्ची शराब के पाउच रखे गए थे। मकान में कई जगह दीवारों में तहखाने बने मिले। जहां से भारी मात्रा में कच्ची शराब बरामद हुई है। पुलिस उपाधीक्षक महेश कुमार ने कहा कि तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। आरोपियों ने दीवार, रसोई, बाथरूम में फर्श के नीचे भी जगह बनाकर शराब छिपाई थी।

कोरोना : 17 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों को छोड़ अन्य राज्यों में कोविड-19 के एक्टिव केस में कमी

छग, महाराष्ट्र में बढ़े सक्रिय मामले, दिल्ली-केरल में घटे

नई दिल्ली/रायपुर नव प्रदेश। देश में पिछले 24 घंटे के दौरान कोरोना वायरस (कोविड-19) के सक्रिय मामले छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र व अन्य राज्यों में बढ़े हैं जबकि राजधानी दिल्ली और केरल में घटे हैं। रविवार की सुबह तक देश में पिछले 24 घंटे के दौरान महाराष्ट्र, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ समेत देश के 17 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले बढ़े हैं। इस दौरान देश के शेष राज्यों एवं केंद्र शासित प्रदेशों में कोरोना वायरस के सक्रिय मामले घटे हैं। कोरोना वायरस से सर्वाधिक प्रभावित महाराष्ट्र में वायरस के सक्रिय मामले 1610 बढ़कर 80878 हो गये हैं। वहीं छत्तीसगढ़ में यह आंकड़ा 2284 बढ़कर 20 हजार 659 हो गया है। दिल्ली में सक्रिय मामले 1195 घटकर 39741 हो गये हैं। केरल में सक्रिय मामले 972 घटकर 66982 हो गये हैं।

दिल्ली में पहली बार रैपिड से ज्यादा आरटी पीसीआर टेस्ट हुए

नई दिल्ली/ (वार्ता)। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह द्वारा राजधानी दिल्ली में कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप पर अंकुश लगाने के लिए पिछले सप्ताह की गई बैठक के बाद राजधानी में पहली बार कोरोना संक्रमण की जांच के लिए रैपिड के बजाय आरटी पीसीआर टेस्ट अधिक संख्या में किए गए हैं।

बढ़ रहे स्वस्थ होने वाले

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से रविवार सुबह जारी आंकड़ों के अनुसार पिछले 24 घंटों में 45,209 नए मामले सामने आए और संक्रमितों की संख्या 90.95 लाख के पार पहुंच गयी तथा स्वस्थ ■ शेष पृष्ठ 6 पर

अमेरिका में कोरोना से अब 2.55 लाख से ज्यादा की मौत

वाशिंगटन/ (वार्ता)। वैश्विक महामारी कोरोना वायरस से गंभीर रूप से जूझ रहे अमेरिका में इसके संक्रमण से अब तक 2.55 लाख से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। अमेरिका में यह महामारी विकराल रूप ले चुकी है और अब तक 1.20 करोड़ से अधिक लोग इससे संक्रमित हो चुके हैं। अमेरिका की जॉन हॉपकिन्स यूनिवर्सिटी के विज्ञान एवं इंजीनियरिंग केन्द्र (सीएसएसई) की ओर से जारी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हाथरस केस : आरोपियों का होगा नार्को टेस्ट

■ सीबीआई चारों को जेल से अपने साथ लेकर अहमदाबाद पहुंची

लखनऊ/ए.। हाथरस के सामूहिक दुष्कर्म व हत्या केस के चारों आरोपियों का नार्को टेस्ट होगा। सीबीआई की टीम चारों आरोपियों को लेकर अहमदाबाद पहुंच चुकी है। हाथरस जेल के सूत्रों के मुताबिक, सीबीआई टीम चारों आरोपियों को यहां से अपने साथ लेकर गई है। इससे पहले कथित सामूहिक दुष्कर्म के मामले में घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचने का दावा करने वाला छोटू नाम का युवक नार्को और पॉलीग्राफटेस्ट के लिए तैयार था। उसका कहना था कि सच सामने लाने के लिए वह टेस्ट के लिए तैयार है, साथ ही पीड़िता के परिजनों का भी टेस्ट होना चाहिए। उधर, युवक की मां ने टेस्ट पर आपत्ति जताते हुए बेटे को नाबालिग बताया था।

चंदपा क्षेत्र के गांव बूलगढ़ी में युवती के साथ हुई घटना के खुलासे के लिए सीबीआई जांच में जुटी है।

कोरिया जिले में शासन की स्थान्तरण नीति-निर्देश के पालन में ही लग रहा महीनों!

नवप्रदेश संवाददाता

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले में शासन की तबादला नीति को ठेंगा दिखाना आम बात है।यही कारण हैं कि जिन अधिकारी, कर्मचारियों के स्थानांतरण हुए हैं, उन्हें अभी तक कार्यमुक्त नहीं किया गया है जब कि शासन ने सभी स्थानांतरण हुए अधिकारी को 30 सितंबर तक अनिवार्य रूप से कार्यमुक्त करने का सख्त निर्देश जारी किया था किंतु अधिकारी कुर्सी की मोह में अंगद की पैर की तरह जमे हुए हैं वहीं, आला अधिकारी चहेते कर्मचारियों को अपने साथ रखने के लिए कोई ना कोई बहाना बना रहे हैं। इससे शासन की तबादला नीति के पश्चात भी जमे अधिकारियों को हटाने की मंशा पर पानी फिर रहा है।ऐसा ही मामला कोरिया जिले में ग्रामीण यांत्रिकी संभाग विभाग बैकुंठपुर जिला कोरिया के उप संभाग बैकुंठपुर का हैं जहा पंचायत व ग्रामीण विकास विभाग मंत्रालय से दिनांक 17/7/20 को उप सचिव के आदेश से 11 अनुविभागीय अधिकारियों का स्थानांतरण ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग विभाग से विभिन प्रधानमंत्री परियोजना कार्यालय में हुआ जहा कोरिया जिले में भी अधिकारी का स्थानांतरण हुआ व इनके स्थान पर एक नए अधिकारी की नियुक्ति भी शासन द्वारा किया गया किन्तु जिले के अधिकारियों के स्वार्थ सिद्धि के कारण अब तक नए अधिकारी को

प्रभार नही मिल पाया जब कि स्थान्तरण हुए लगभग चार माह हो गए यह कोई जिले पे पहला मामला नही है जिले में जनपद स्तर के भी कुछ ऐसे अधिकारी हैं जिन्हें स्थान्तरण के पश्चात रिलीफ नही किया गया वही एक अधिकारी को तो हाल ही स्थान्तरण से आने के पश्चात एक वर्ष बाद जनपद सीओ का प्रभार दिया गया जिससे शासन की स्थान्तरण नीति को लेकर सवाल उठना लाजमी हैं !

विदित है कि प्रदेश सरकार ने सरकारी कार्यालयों में व्याप्त भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाने और कामकाज में पारदर्शिता लाने के मकसद से तबादला नीति बनाई। इसके अंतर्गत एक जिले में तीन साल पूरा करने वाले अधिकारी, कर्मचारियों को स्थानांतरण पर काम शुरू किया। इस नीति में तमाम विभागों में अधिकारी, कर्मचारी इधर-उधर हो गए। इससे पीएचई, जल संसाधन विभाग ,जनपद व राजस्व सहित दर्जनों कार्यालय ऐसे है जहां ट्रांसफर हुए कर्मचारी व अधिकारी टीके हुए है, विडंबना यह है कि जिले के कई अधिकारी कर्मचारी ऐसे है जो लाखो रुपयों का घोटाला कर चले गए, तो वहीं अन्य अधिकारी, कर्मचारी अपना क्षेत्र छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। इसमें आला अधिकारी उनका साथ देते दिखाई दे रहे हैं। ऐसा पहली बार नहीं हो रहा है, इससे पहले भी विगत दो तीन वर्षों से स्थानांतरण नीति में कई अधिकारी, कर्मचारियों का तबादला हुआ था। इस दौरान स्थानांतरित अधिकारी, कर्मचारियों नें अपना कार्यक्षेत्र नहीं छोड़ा था। कुछ जिला कार्यालयों के सीधे साधे अधिकारी व कर्मचारी को एकतरफा कार्यमुक्त कर दिया गया था। उसके बाद भी वह आला अधिकारियों से सेटींग बना कर अभी भी यहीं डटे हुए है। अब जिन स्थानांतरित अधिकारियों व कर्मचारी से आला अधगकारियों को धन का फायदा हो रहा है उन्हें छोड़ने के लिए तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि वो वहां भी वही कार्यालय का कार्य करेंगे जो यहां कर रहे है यहां के बारे मे उन्हे जानकारी ज्यादा है जिसके वहज से सरकारी कार्य समय से पुर्ण हो जा रहे है।ऐसे तर्क चिंतनीय हैं।

कुछ कार्यालयों मे वर्षों से नहीं हुआ तबादला

मिली जानकारी अनुसार जिले मे कई ऐसे शासकीय कार्यालय है जहां शासकीय कर्मचारी अंगद के पैर की तरह जमे हुए है। यहां पर शासकीय कार्यालयों मे कार्यरत अधिकांश कर्मचारियों जैसे बडे बाबु, सहायक ग्रेड तीन, सहायक ग्रेड दो कर्मचारियों को कार्य करते हुए 10 से 15 साल हो गए हैं। ऐसे कर्मचारियों के तबादले होते हैं, लेकिन उन्हें हटाया नहीं जाता है। यही कारण है की शासकीय कार्यालयों मे जम कर अनियमितता की शिकायत मिल रही है। शिकायत के बाद भी ऐसे लोगों पर कार्यवाही नही होती यदि होती भी है तो अधिकारी कोरमपुरा कर लीपापोती मे लग जाते है।जरूरत हैं जिले के शासकीय कार्यालयों में पारदर्शिता लाने शासन के स्थान्तरण नीति के पहल की ताकि किसी नये अधिकारी को पदभार लेने वर्षो इंतज़ार न करना पढ़े जैसा कि हाल ही में जनपद पंचायत भरतपुर के सीओ को प्रभार लेने एक वर्ष का समय लग गया ।

न्यूज गैलरी

बहन की हत्या कर भाई पहुंचा थाना, पुलिस किया अपराध कायम

बिलासपुर । कोटा भाई बहन के रिश्ते पर जमीन विवाद की काली छाया इस कदर हावी हो गई कि बड़े भाई ने अपनी छोटी बहन को ही मौत के घाट उतारने से कोई गुरेज नही किया, यह सनसनीखेज मामला जिले के कोटा थाना क्षेत्र से सामने आया है, जहाँ शनिवार की शाम बड़े भाई ने जमीन विवाद को लेकर इस हत्या की घटना को अंजाम दिया है, मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत अमाली के लमेरपारा में रहने वाली रामबाई भानु उम्र 40 वर्ष की बीती शाम भाई फेंकू राम भानु उम्र 49 वर्ष ने कुल्हाड़ी मारकर हत्या कर दी। घटना के पीछे पारिवारिक जमीन विवाद को वजह बताया जा रहा है। क्योकि महिला अपने पिता और मामा की जमीन में अपना हक मांग रही थी, जिससे नाराज़ भाई ने इस घटना को अंजाम दे दिया, हत्या के बाद रात भर सोचने के बाद पछतावा होने पर खुद आरोपी ने थाने पहुँच कर इसकी सूचना पुलिस को दी है। जिसके बाद आरोपी के साथ पुलिस घटनास्थल पहुँची और लाश को कब्जे लेकर जांच में जुट गई है। फ़िलहाल इस घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में सनसनी मच गई है।

सतनाम संदेश यात्रा के चौथे चरण का शुभारंभ बिलासपुर से हुआ

बिलासपुर । सतनाम संदेश यात्रा के चौथे चरण का शुभारम्भ आज मंत्री गुरु रूद्र कुमार ने बिलासपुर के महंत बाड़ा से किया । पूज्य गुरु घासीदास बाबा के संदेशों को जन जन तक पहुंचाने के लिए सभी सतनामी पंथ के सदस्यों महिलाओं युवाओं और सभी राज महंत के बड़े उत्साह से गुरुजी का स्वागत किया। जगह जगह चौक चौराहों में उनका भव्य स्वागत हुआ। उनके साथ विधायक शैलेश पाण्डेय विधायक रश्मि सिंह पंकज सिंह रविन्द्र सिंह और पार्षद रामा बघेल प्रमोद नायक विनय शुक्ल सुदेश दुबे रिंकू छाबड़ा सुबोध केशरी विजय केसरवानी सीमा धृटेश आदर्श पवार भरत जोशी शाश्वत तिवारी संकल्प तिवारी विनय जांगड़े आयुष सोनू और सभी साथी साथ थे। सभी ने गुरुजी का स्वागत सम्मान किया।

सड़क हादसे में तीन युवक घायल, सिम्स दाखिल

बिलासपुर । सड़क हादसे में घायल 3 लोगों को इलाज के लिए सिम्स में भर्ती किया गया है। चकरभाटा क्षेत्र के ग्राम शारदा में मुक्तिधाम के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में 3 लोगों के घायल होने की सूचना पाकर 112 की टीम मौके पर पहुंची जहां उन्हें 28 वर्षीय परदेसी यादव 24 वर्षीय राजा यादव और 21 वर्षीय दिनेश यादव घायल मिले पता चला कि मोटरसाइकिल के अनियंत्रित होकर गिर जाने से तीनों को चोट पहुंची है तीनों घायलों को तुरंत इलाज के लिए सिम्स ले जाया गया। रास्ते में संजीवनी 108 वाहन मिलने पर उन्हें उसमे शिफ्ट करते हुए उन्हें अस्पताल पहुंचाया गया।

कृषि वैज्ञानिकों ने जिले के अरहर प्रक्षेत्रों का किया भ्रमण

बलरामपुर। इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. एम.के.सिंह ने जिला प्रवास के दौरान कृषि से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का अवलोकन किया तथा कृषक संगोष्ठी में शामिल होकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। कृषि विज्ञान केन्द्र बलरामपुर के वैज्ञानिकों के साथ उन्होंने झलरिया, खरसोता, भैसामुण्डा, रामनगरकला में जनजातीय समुदाय के कृषकों द्वारा की जा रही अरहर की खेती प्रक्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान कृषकों के लिए आयोजित संगोष्ठी में डॉ. एम.के.सिंह ने अरहर की फसल में लगने वाले रोग के संबंध में जानकारी दी। अरहर उत्पादन में कीट तथा बीमारियों से बचाव एवं प्रबंधन के बारे में कृषकों से विस्तारपूर्वक चर्चा की। उन्होंने कहा कि कृषक अरहर की उत्पादकता बढ़ाने के लिए ञ्छ्ञ्ज-501 के किस्म की अरहर लगाने का सुझाव भी दिया। डॉ. एम.के.सिंह ने आदिवासी उपयोजना के अंतर्गत प्रमुख रूप से बीज उत्पादन के लिए किये जा रहे अरहर की फसल प्रक्षेत्र का अवलोकन किया।

चकाचक सड़क के लिए अभी और करना होगा इंतजार, 70 फीसदी काम बाकी

कोरबा। दीपावली पर्व तक कोरबा चांपा और कटघोरा पाली मार्ग को आवागमन के लायक बनाने के दावे फेल हो गए हैं। दो माह पहले जिला प्रशासन में हुई समीक्षा के दौरान पीडब्ल्यूडी और एनएच के अधिकारियों ने सड़क को दुरूस्त करने का आश्वासन दिया था। अभी तक दोनों ही मुख्य मार्ग में 30 फीसदी ही काम हुआ है। 70 फीसदी सुधार कार्य अब भी शेष है। कोरोना अनलाक के बाद भारी वाहनों के साथ यात्री बसें भी शुरू हो गई हैं। समय रहते मरम्मत नहीं होने के कारण यात्रियों को मिनटों के सफर को घंटों में तय करना पड़ रहा। कलेक्टर का आदेश बेअसर साबित हो रहा।

बारिश को थमे दो माह गुजर चुका है। सड़क मरम्मत कार्य की गति रफ्तार नहीं पकड़ी और अभी भी लोग जर्जर सड़क में सपुर करने पर मजबूर हैं। अलग-अलग मार्गो के मरम्मत का दायित्व एनएच और पीडब्ल्यूडी को दिया गया है। राज्य शासन के अलावा स्थानीय प्रशासन ने मरम्मत के लिए 35 करोड़ की स्वीकृति दी है। कोरबा-चांपा मार्ग पर गौर किया जाए तो पताडी, पहंदा और फरसवानी के पास किए गए डामरी करण उखड़ चुके हैं। बारिश के दौरान जितने भी जगहों में राखड़ और गिट्टी डाली गई थी, वह धूल चुके हैं। मार्ग में भारी वाहनों की भरमार होने और गड्ढों के कारण गति धीमी हो जाती है। इस दौरान एक भी वाहन के गड्ढे में फंसने से लंबी दूरी तक जाम लग जाती है। मार्ग को बहाल करने में यातायात पुलिस को घंटो समय लग जाता है। आवश्यक काम के लिए शहर जाने वाले यात्री मुख्य मार्ग से समय पर नहीं पहुंच पाते। यही वजह है कि निजी वाहन में आवागमन करने वाले बायपास मार्ग का उपयोग कर रहे हैं। यही दशा कटघोरा-पाली मार्ग की है, जहां सुधार कार्य सुस्त गति से चल रहा है। कलेक्टर किरण कौशल ने नेशनल हाइवे और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक लेकर सडक शीघ्र सुधारने के लिए कहा था। अधिकारियों ने सड़क को दीपावली के पहले दुरुस्त करने का आश्वासन दिया था, लेकिन सुधार नहीं होने से इसका खामियाजा यात्रियों को भुगतना पड़ रहा है।

डामर उखड़ने से पगडंडी में तब्दील: सड़क बनाने का काम धीमी गति से चल चल रहा है। डामर उखड़ने के कारण सड़क कच्ची पगडंडी में बदल गई है। पानी का छिड़काव नहीं होने से उड़ती धूल दुर्घटना का सबब साबित हो रहा। जिन स्थानों में बारिश के दौरान कीचड़ की भरमार होती थी,अब वहां धूल का जमावड़ा है। भारी वाहन के पीछे चलने वाले दोपहिया वाहन चालकों को धूल के कारण मार्ग नहीं सूझता। इससे दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। मार्ग में जहां मरम्मत का काम जारी है वहां पानी का छिडकाव नहीं हो रहा।

नाली निर्माण का काम भी अधूरा

मुख्य मार्ग किनारे बरसाती पानी निकासी के लिए नाली का निर्माण किया जा रहा है। इसमें भी गुणवत्ता की कमी देखी जा रही है। छुरी, कटघोरा पाली सहित कई स्थानों में नाला निर्माण के काम को अधूरा ही छोड़ दिया गया है। मार्ग किनारे खोदे गए गड्ढे दुर्घटना को आमंत्रण दे रहे हैं। ठेकेदारों के भरोसे चल रहे निर्माण कार्य में अफसरों का नियंत्रण नहीं होने के कारण कार्य में गुणवत्ता की भी कमी देखी जा रही है। पाली में निर्मित नाली को गुणवत्ता की कमी के कारण तोड़ कर फिर से तैयार करना पड़ा था।

> सड़क मरम्मत कार्य जारी है। लंबे समय तक हुई अधिक बारिश के चलते सुधार कार्य पहले ही प्रभावित था। रेत की कमी के कारण नाली निर्माण पूरा नहीं हो पाया। कोरोना लाकडाउन में मजदूरों की समस्या भी रही। वर्तमान में काम प्रगति पर है। दिसंबर माह के अंत का काम पूरा कर लिया जाएगा।
>
> **एके वर्मा,** ईई, लोक निर्माण विभाग

फर्जी एफआईआर मुद्दे में श्रमजीवी पत्रकार संघ ने बैठक में लिये अहम निर्णय

दंतेवाड़ा। किरन्दुल श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य अनिल भदौरिया के खिलाफ कोडेनार ग्राम पंचायत ने कूटरचित षड्यंत्र रचकर 10 लाख रुपये मांगने का आरोप लगाते हुये, सत्ता के बलाबल का दुरुपयोग करते हुऐ किरन्दुल थाने में एफआईआर पंजीबद्ध करवा दी है। उक्त घटनाक्रम के बाद से ही श्रमजीवी पत्रकार संघ दंतेवाड़ा ने इस मुद्दे पर पुलिस प्रशासन और कोडेनार पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका पर सवाल खड़ा करते हुये घोर निंदा की। जिसके बाद से ही छग प्रदेश स्तर पर पत्रकार को बेवजह फ़साने के मामले को लेकर संघ के प्रदेश व संभागीय पदाधिकारियों ने अपने अपने स्तर से मामले की निष्पक्षता से जांच शुरू कर षड्यंत्र रचने वाले दोषियों पर कार्यवाही की मांग कर रहे हैं।

इधर इसी मुद्दे पर दंतेवाड़ा जिले के पत्रकार बचेली में एकत्रित हुए, जहाँ संघ के जिला संरक्षक अभिषेक भदौरिया, वेदप्रकाश संगम, जितेंद्र चौधरी, जिला अध्यक्ष आज़ाद सक्सेना, प्रदीप गौतम के साथ जिले भर के पत्रकार पहुँचे थे। इस मुद्दे पर जल्द ही संघ की तरफसे बनी एक कमेटी जिलास्तरीय अधिकारियों से मुलाकात करेगी, और मामले में पारदर्शिता लाते हुये इस बेबुनियाद आरोप लगे मामले की

पारदर्शिता से जांच करने की मांग रखेगी, अगर बात यहां भी नही बनी तो पत्रकार हित मे संघ धरना और आंदोलन का रास्ता इख्तियार करेगा।

जानकारी के लिये बता दे कि अनिल भदौरिया श्रमजीवी पत्रकार संघ के सदस्य ने कोडेनार ग्राम पंचायत में आरटीआई आवेदन कर समाचार संकलन के जानकारियां मांगी थी। मगर पंचायत द्वारा भ्रष्टाचार पर पर्दा डालने की नीयत से उल्टा पत्रकार को ही फर्जी मामले में गैरजमानती धाराओ के साथ मामला दर्ज करवा दिया। जबकि सरकारें हमेशा से दावा करती रहती है कि पत्रकारिता लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है उसे निर्भीक और निष्पक्ष कार्य करने देना चाहिए। मगर इस तरह के मामले देखने से प्रतीत होता है कि पत्रकारिता बेहद ही जटिल दौर से गुजर रही है। क्योंकि जब किसी सरकारी संस्था या सरकार की योजनाओं पर गड़बड़ियों की खबर उजागर होती हैं। तो भ्रष्टाचार में संलिप्त लोग पत्रकार और पत्रकारिता पर ही हमलावर हो जाते हैं।

विस्फोट से दहल जाता है बिलासपुर का एक गांव , न्याय के लिए ग्रामीणों ने हाई कोर्ट में लगाई है याचिका

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में खैरखूंडी के पास अवैध पत्थर उत्खनन करने व विस्फोट करने को लेकर ग्रामीणों ने न्याय के लिए हाई कोर्ट की शरण ली है। इस मामले में कोर्ट ने राज्य शासन व मेसर्स बिलासपुर पतरापाली प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

रतनपुर क्षेत्र के ग्राम खैरखूंडी निवासी अजय कुमार भारद्वाज व छह अन्य ने हाई कोर्ट में याचिका दायर की है। इसमें बताया गया है कि बिलासपुर-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में निर्माण कार्य चल रहा है। रोड निर्माण के लिए मेसर्स बिलासपुर पतरापाली प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने खैरखूंडी में दो साल के लिए लीज पर निम्न श्रेणी चूना पत्थर तोड? की अनुमति ली गई है। लेकिन, इसकी आड़ में डोलोमाइट लगाकर पत्थरों को तोड़ा जा रहा है। याचिका में कहा गया है कि चूना पत्थर की खुदाई की आड़ में दूसरे किस्म के पत्थरों का उत्खनन हो रहा है और इसके लिए बिना अनुमति के विस्फोट की जा रही है। यहां होने वाले विस्फोट से गांव दहल जाता है। इसके चलते कई ग्रामीणों के मकानों में दरारें आ गई है। वहीं विस्फोट से पर्यावरण प्रदूषित हो रहा है और मवेशियों को भी नुकसान हो रहा है।

याचिकाकताओं ने कोर्ट को बताया है कि इस मामले की शिकायत खनिज विभाग, जिला प्रशासन व पुलिस के आला अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं होने पर उन्हें कोर्ट की शरण में आना पड़ा है। याचिका में सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का हवाला दिया गया है। मामले की सुनवाई के बाद हाई कोर्ट ने राज्य शासन व मेसर्स बिलासपुर पतरापाली प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है।

शहर में नई सड़क का निर्माण नहीं बल्कि बरसात में खराब हुई सड़कों का संधारण व सील कोटिंग कार्य

- **जिला स्तरीय समिति की अनुशंसा पर सड़कों का नियमित संधारण के तहत कराया जाएगा कार्य, आमजन को आवागमन में मिलेगी राहत**

कोरबा। शहर में नई सड़क का निर्माण नहीं कराया जा रहा बल्कि अतिवृष्टि व यातायात के दबाव के कारण सड़कों पर बने गढ्डे एवं उनकी जीर्ण स्थिति को दूर कर आवागमन सुगम बनाने हेतु जिला स्तरीय समिति के द्वारा किए गए स्थल निरीक्षण पश्चात की गई अनुशंसा पर शहर की 22 किलोमीटर लंबाई वाली प्रमुख 07 सड़कों का नियमित संधारण के तहत आवश्यकतानुसार संधारण कार्य के साथ-साथ सील कोटिंग का कार्य कराया जाएगा।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर पालिक निगम कोरबा क्षेत्रांतर्गत कोरबा शहर में स्थित विभिन्न प्रमुख मार्ग विगत वर्षा ऋतु के दौरान हुई अतिवृष्टि व यातायात के दबाव के कारण खराब हो गए हैं, सड़कों पर जगह-जगह गढ्डे हो जाने से यातायात में व्यवधान व दुर्घटनाएं होती हैं, साथ ही सड़कों की वर्तमान स्थिति व लगातार होने वाले भारी संख्या में आवागमन के कारण आमजन को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। निगम द्वारा जिला खनिज न्यास मद से

इन सड़कों के संधारण हेतु प्रस्ताव तैयार किए गए थे, स्थल की आवश्यकतानुसार संधारण कार्यो के साथ-साथ डामर के सील कोट के प्रावधान जिला स्तर पर गठित समिति द्वारा स्थल निरीक्षण करने के पश्चात तैयार किए गए। इस समिति में शामिल लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग, प्रधानमंत्री सड़क योजना तथा नगर निगम कोरबा के अभियंताओं की टीम ने संयुक्त रूप से शहर की विभिन्न सड़कों का मौके पर स्थल निरीक्षण किया तथा स्थल की आवश्यकतानुसार सड़कों के संधारण व डामरीकरण कार्यो हेतु सात प्रभाग में प्राक्कलन तैयार कराए। इन 07 सड़कों के संधारण व डामरीकरण कार्यो हेतु जिला खनिज न्यास मद से 10 करोड़ 33 लाख 09 हजार रूपये की स्वीकृत दी गई एवं कार्यो की निविदा जारी की गई।

इन सड़कों का होगा संधारण कार्य- निगम क्षेत्रांतर्गत कोरबा शहर की 22 किलोमीटर लंबी सात प्रमुख सड़कों का संधारण, जीर्णोद्धार व डामरीकरण का कार्य कराया जाएगा। सी.एस.ई.बी.चैक से सुनालिया चैक तक डिवाईडर के दोनों ओर कुल 04 किलोमीटर की लंबाई हेतु 01 करोड़ 35 लाख 14 हजार रूपये की स्वीकृति डी.एम.एफ मद से दी गई है। इसी प्रकार सुनालिया चैक से गौमाता चैक तक डिवाईडर के दोनों ओर कुल लंबाई 06 किलोमीटर हेतु 01 करोड़ 37 लाख 54 हजार रूपये, गुरूघासी दास चैक से महाराणा प्रताप चैक तक 1.2 किलोमीटर लंबी सड़क हेतु 01 करोड़ 40 लाख 09 हजार रूपये, महाराणा प्रताप चैक से घंटाघर चैक तक डिवाईडर के दोनों ओर कुल लंबाई 1.4 किलोमीटर हेतु 01 करोड़ 75 लाख 45 हजार रूपये, घंटाघर से शास्त्री चैक तक डिवाईडर के दोनों कुल लंबाई 3.8 किलोमीटर हेतु 01 करोड़ 12 लाख 21 हजार रूपये, शास्त्री चैक से रिसदी चैक तक कुल लंबाई 3.5 किलोमीटर हेतु 01 करोड़ 32 लाख 36 हजार रूपये तथा आई.टी.आई.चैक से सी.एस.ई.बी.चैक तक कुल लंबाई 2.1 किलोमीटर हेतु 01 करोड़ 17 लाख 50 हजार रूपये की स्वीकृति प्राप्त हुई है।

नियमित अंतराल में होता है संधारण कार्य- उक्त कार्य में शहर में किसी नवीन सड़क का निर्माण कार्य नहीं कराया जाना हैं बल्कि अतिवृष्टि व यातायात के दबाव के कारण खराब हुई सड़कों का नियमित संधारण कार्य व सील कोटिंग का कार्य किया जाएगा। निगम द्वारा समय-समय पर एक नियमित अंतराल के पश्चात आवश्यकतानुसार सड़कों का नियमित संधारण व जीर्णोद्धार का कार्य कराया जाता है ताकि आवागमन सुविधापूर्ण बना रहे, आमजन को अनावश्यक परेशानी न हों तथा सड़कें दुरूस्त रहें।

■ न्यूज गैलरी

बंधक रखे वाहन को दूसरे को बेचकर किया धोखाधड़ी, मामला दर्ज

रायपुर। बंधक रखे टाटा डीआई वाहन को दूसरे को बेच दिया व रुपयें लेकर सिमेन्ट,गिट्टी व रेत सप्लाई का भरोसा दिलाकर 11 लाख की ठगी करने की रिपोर्ट थाने में दर्ज की गई है। सेजबहार थाना मुजगहन रायपुर निवासी रमेश सिघांनिया ने रिपोर्ट दर्ज सेजबहार थाने में रिपोर्ट दर्ज करायी है कि प्रार्थी मसर्स ग्रार्गी एजुकेशन फाउनडेशन नामक संस्था का निदेशक है तथा संस्था की पंजीकृत कार्यालय बोरियाकला हाउसिंग बोर्ड में है। शिवांग गुप्ता ने प्रार्थी की संस्था को अपना टाटा डीआई वाहन क्रमांक सीजी 04 एलयू 5191 को 3 लाख 50 हजार रुपयें में 21 जून 2018 बेचकर रुपयें प्राप्त कर लिया। बाद में पता चला की उक्त व्यक्ति ने गाड़ी की एवज में श्रीराम फायनेंस लिमिटेड रायपुर से कर्ज ले रखा है। इसकी जानकारी वाहन बेचते समय शिवांग गुप्ता ने नही दी थी। आरोपी द्वारा प्रार्थी की संस्था को रेत,गिट्टी ,सिमेन्ट की सप्लाई समय-समय पर किया जाता था। इसके एवज में आरोपी प्रार्थी की संस्था से समय-समय पर राशि प्राप्त करता रहा है। 2018 में माल सप्लाई नही करने पर आरोपी को दिये गए रकम का बकाया राशि के बदले उसने 2 लाख व 9 लाख रुपयें का कुल 11 लाख का चेक एक्सीस बैंक का दिया था,जिसे बैंक में जमा करने पर बाउंस हो जाने पर आरोपी के पते पर नोटिस भेजा गया जो वापस आ गया। बाद में पता चला कि आरोपी अपने गृहग्राम पटेहरा थाना अतरैला जावा जिला रीवा मध्यप्रदेश फरार हो गया है। जिसकी रिपोर्ट 30 सितंबर 2020 को थाने में दर्ज करायी गई थी।

तेज रफ्तार वाहन दीवाल से टकराई, मौत

रायपुर। तेज रफ्तार अशोक लीलेन्ड वाहन चालक अनियंत्रित होकर दीवाल से टकराने की वजह से गंभीर रुप से घायल हो गया था। इलाज के दौरान मौत हो जाने पर पुलिस ने जांच के बाद वाहन चालक के खिलाफ मर्ग कायम कर अपराध दर्ज कर लिया है। शिवाजी चौक संतोषीनगर रायपुर निवासी चंद्रभान साहु 49 वर्ष पिता प्यारे लाल साहु की रोड़ एक्सीडेन्ट में इलाज के दौरान मौत हो जाने की सूचना पर पुलिस ने जांच में पाया कि मृतक 12 नवंबर को शाम 5 बजे अशोक लीलेंड क्रमांक सीजी 04 एमएस 4571 को चलाते हुये टेकारी से सेजबहार की तरफ जा रहा था तभी टेकारी में वाहन अनियंत्रित होकर दीवाल से टकरा गयी। इस वहज से वह गंभीर रुप से घायल हो गया। इलाज के लिये उसे 112 वाहन से डीकेएस अस्पताल में भर्ती किया गया था,जहां 13 नवंबर की सुबह 11.10 बजे उसकी इलाज के दौरान मौत हो गई।

गुढ़ियारी की 100 से अधिक महिलाओं का हुआ इलाज

■ **दाई दीदी क्लीनिक योजना के लिए महिलाओं का सरकार के प्रति आभार**

रायपुर। मुख्यमंत्री शहरी एवं स्वास्थ्य योजना के अंतर्गत शुरू हुए दाई दीदी क्लीनिक योजना के तहत आज गुढ़ियारी पहाड़ी चौक की 100 से अधिक महिलाओं ने अपना इलाज कराया तथा सरकार के प्रति अपना आभार आभार प्रदर्शन किया।

महिलाओं ने बताया कि दाई दीदी क्लीनिक योजना की एंबुलेंस में किशोरी बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए सभी प्रकार की उपचार की सुविधा उपलब्ध है।

महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि आज 22 नवंबर को गुढ़ियारी पहाड़ी चौक में दाई दीदी क्लीनिक के अंतर्गत 12 गर्भवती माताओं , 21 किशोरी बालिकाओं सहित 100 से अधिक महिलाओं का इलाज कर स्वास्थ्य सुविधाएं दी गई, जिसमें 38 महिलाओं का शुगर जांच बीपी चेकअप ब्लड टेस्ट किया गया एवं एक महिला का ई.सी.जी भी किया गया।

आज के इस दाई दीदी क्लीनिक में वार्ड पार्षद श्री सुंदरलाल जोगी, श्रीकुमार मैनन जी की उपस्थिति में कार्यक्रम शुभारंभ किया गया । जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं और सहायिका मितानिनो ने विशेष सहयोग दिया।

गुढ़ियारी पर्यवेक्षक श्रीमती रीता चौधरी ने बताया कि इस दीदी क्लीनिक में किशोरी बालिकाओं व महिलाओं के लिए सर्वसुविधायुक्त एंबुलेंस उपलब्ध है । उन्होंने बताया कि सभी प्रकार की बीमारियों जैसे शुगर ,बीपी की दवाइयां भी दी गई जिससे महिलाएं उत्साहित हुई। क्योंकि दाई दीदी क्लीनिक उनके घर तक पहुंच कर महिला चिकित्सको द्वारा इलाज किया जा रहा है। सभी मरीजों के द्वारा सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया गया ।सभी ने मास्क का उपयोग किया छत्तीसगढ़ सरकार व जिला प्रशासन की अनूठी व उपयोगी पहल है।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रतिमा गजभिए, नंदा रामटेके ,जया सेना, मौसमी साहू द्वारा गर्भवती माताओं, किशोरी बालिकाओ व महिलाओं को दाई दीदी क्लीनिक में लाकर स्वास्थ्य जांच व ब्लड टेस्ट कराया गया और दवाइयां सहित अन्य सभी सुविधाओं के लिए मदद व समझाईश दी गई।

रायपुर से बरामद हुई प्रतिबंधित नशीली टेबलेट व कफ सिरप

■ **स्कूटी व पैशन मोटरसाइकिल में तीन युवक युवक नशीली टेबलेट व कफ सिरप बेचने के फिराक में पकड़ाए**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राजधानी पुलिस ने प्रतिबंधित कफ सिरप व नशीला टेबलेट के साथ दो मोटरसाइकिल में तीन लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से बड़ी मात्रा में कफ सिरप व टेबलेट जब्त किया है।

मिली जानकारी के अनुसार सरस्वतीनगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर नशीली टेबलेट व कफ सिरप बेचने के लिये लेकर आने की सूचना पर शनिवार को घेराबंदी कर पुलिस ने सूयश अस्पताल के पीछे बीएसयूपी कालोनी कोटा सरस्वतीनगर में दो मोटरसाइकिल में सवार तीन लोगों की तलाशी लिया जिसके बाद एक्टीवा स्कुटी क्रमांक सीजी 04 एमआर 2139 में दो प्लास्टिक की बोरी में 156 शीशी कोरेक्स कफ सिरप तथा 4 शीशी रेनकफ सिरप प्रत्येक शीशी में 100 एमएल कफ सिरप कुल 16000 एमएल नशीली कफ सिरप रखी मिली। एवं पैशन मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 04 सीजेड 4731में थैला की तलाशी लेने पर स्पैशमों कैप्सुल 24 स्ट्रीप प्रत्येक में 8 नग कुज 192 कैप्सुल व एलप्राजोलेम का 18 स्ट्रीप कुल 217 टेबलेट मिलने पर दो मोटरसाइकिल में सवार तीन युवकों को गिरफ्तार कर उनका नाम पता पुछने पर उन्होंने अपना नाम अश्फाक हुसैन आयु 30 वर्ष पिता इकबाल हुसैन निवासी संजय नगर रायुपर व यमन चंद्राकर आयु 22 वर्ष पिता बल्लाराम चंद्राकर निवासी गणपति परिसर रायपुर एवं हरप्रीत सिंह आयु 25 वर्ष पिता स्व.कुलदीप सिंह निवासी विरसवारकर नगर हीरापुर रायपुर बताया है। पकड़े गए आरोपियों के खिलाफ 21 एनडीपीएस एक्ट के तहत कानूनी कार्रवाही किया गया है।

नाबालिग लड़की के साथ चलती कार में सामूहिक दुष्कर्म

17 नवंबर की रात की घटना

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर में 14 साल की नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म का मामला सामने आया है। गुढियारी थानांतर्ग इलाके की यह घटना 17 नवंबर की देर रात की है। इस मामले में पीड़िता के पिता की शिकायत पर तीन युवकों पर रविवार को अपराध पंजीबद्ध हुआ है। गुढियारा थाने के टीआई ने नवप्रदेश को बताया कि लड़की के पिता की शिकायत पर तीन आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध हुआ किया गया है। उन्होंने बताया कि आरोपियों ने नाबालिग को 17 नवंबर की देर रात करीब 3:30 बजे कॉल किया और कार में घूमने चलने की बात कही। लड़की ने हामी भर दी और कहा कि वह अपने घर के सामने खड़ी रहेगी। फ्रि आरोपी कार से उसके घर के आगे गए और उसे अपने साथ लेकर चल दिए। और कार में उससे दुष्कर्म किया। टीआई के मुताबिक आरोपी युवक लड़की के जान पहचान वाले ही हैं। उनका लड़की के घर में आना-जाना लगा था। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आरोपियों की उम्र 20-21 साल है।

मोबाईल व जैकेट चोरी के संदेह में ट्रक ड्रायवर व हेल्फर ने की युवक की हत्या

■ **ट्रक में में मिला अज्ञात व्यक्ति का शव**

■ **चोरी के संदेह में ट्रक ड्रायवर व हेल्फर बंदी बनाकर की पिटायी**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। मोबाईल चोरी के संदेह पर ट्रक ड्रायवर व हेल्फर ने एक व्यक्ति को पकड़ कर ट्रक के डाला में बैठाकर जमकर मारपीट किया। जिसके चलते उसकी मौत हो गई। घटना के बाद ट्रक ड्रायवर व हेल्फर ट्रक छोड़कर फरार हो गए है।

मिली जानकारी के अनुसार थाना जुटमील के पास रामेश्वरनगर खमतराई रायपुर निवासी अजय मिश्रा 47 वर्ष ने फोन पर पुलिस को सूचना दिया कि ट्रांसपोर्टनगर पार्किग नंबर 6 पर आरडीए बिल्डिंग के पास ट्रक क्रमांक जेएच 09 एस 8561 में एक अज्ञात व्यक्ति का शव रखा हुआ है। जिसके बाद पुलिस ने घटना स्थल पर पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। घटना स्थल के पास ही अजय मिश्रा की वर्क शॉप की दूकान है।

पुलिस के अनुसार घटना के संबंध में अजय मिश्रा से पुछताछ किया तो पता चला कि 21 नवंबर की सुबह 7.30 बजे जब अजय मिश्रा ने दुकान खोलने के बाद चाय पीने यादव होटल गया था तभी आरडीए बिल्डिंग के पास ट्रक क्रमांक जेएच 09 एस 8561 खड़ी कर ट्रक ड्रायवर व हेल्फर होटल में चाय पीने आये थे तथा मोबाईल पर किसी से बात कर रहे थे कि वे लोग चोर पकड़ रखे है। उनकी बात सुनकर अजय द्वारा पुछने पर उन्होंने ने बताया कि सीलता के पास ट्रक में तीन चोर घुसकर जैकेट व मोबाईल चोरी कर लिये। चोरी करने के बाद दो चोर फरार हो गए लेकिन एक को उन्होंने पकड़ रखा है। जाकर देखने पर एक आदमी को ट्रक के डाला में बैठाकर रखा था उसका दोनों हाथ सूजा हुआ था व एक हाथ से खून निकला हुआ था। पुलिवस के हवाले करने कहने पर आरोपियों का कहना था कि पुलिस उसे छोड़ देगी। कुछ देर बाद जाकर देखने पर वह व्यक्ति की मौत हो चुकी थी। जिसके बाद दोनों आरोपी ट्रक छोड़कर फरार हो गए। मृतक देखने से 30-35 वर्ष का लग रहा है। घटना की शिकायत पर पुलिस ने दोनों आरोपी के खिलाफ मर्ग कायम कर धारा 302,34 के तहत अपराध दर्ज कर लिया है।

फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य शुरू

रायपुर। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार राज्य में फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य शुरू 16 नवम्बर से शुरू हो गया है। छत्तीसगढ़ मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि एक जनवरी 2021 की स्थिति में मतदाता सूची का पुनरीक्षण किया जा रहा है। मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 15 जनवरी 2021 को किया जाएगा।

इस विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत नए मतदाता अपना नाम जुड़वा सकते हैं। आयोग द्वारा मतदाता सूची के पुनरीक्षण के लिए जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 नवंबर 2020 को विस्तृत मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। 16 नवंबर से 15 दिसंबर तक दावा या आपत्ति प्रस्तुत की जा सकेगी। प्राप्त दावों एवं आपत्तियों का निराकरण 5 जनवरी 2021 तक किया जाएगा। संशोधन एवं नए नाम जोड़ने के बाद 15 जनवरी 2021 को अंतिम रूप से पुनरीक्षित फोटोयुक्त निर्वाचक नामावली का प्रकाशन किया जाएगा। ऐसे युवा जो एक जनवरी 2021 की स्थिति में 18 साल की आयु पूर्ण कर रहे हैं, वे अपना नाम जुड़वाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए वे भारत निर्वाचन आयोग की वेबसाइट नेशनल वोटर सर्विस पोर्टल (एनवीएसपी) में जाकर आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

बारिश के बाद राजधानी सहित प्रदेश के कई क्षेत्रों में बढ़ी ठंड

रायपुर। छत्तीसगढ़ में पिछले दो दिन में प्रदेश के

कई क्षेत्रों में हल्की वर्षा होने के बाद न्यूनतम तापमान में गिरावट आया है, जिससे राजधानी रायपुर सहित कई जिलों में ठंड में बढ़ोतरी हुई है। प्रदेश में शुक्रवार के बाद शनिवार को भी प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की वर्षा हुई है, जिससे तापमान में गिरावट आई है। राजधानी रायपुर में शनिवार को न्यूनतम तापमान 22.6 डिग्री था जो गिरकर 16.6 डिग्री तक पहुंच गया है। इससे राजधानी में ठंड भी लगने लगी है। जबकि शुक्रवार से पहले तक राजधानी में गर्मी महसूस की जा रही थी। रायपुर के अलावा बिलासपुर, अंबिकापुर, पेन्ड्रा रोड, जगदलपुर में भी न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है, जिससे वहां ठंड में बढ़ोतरी हुई है। मौसम विभाग के अनुसार आगामी कुछ दिनों में प्रदेश में कहीं-कहीं पर हल्की बारिश की संभावना बनी हुई है, जिसके बाद ठंड में और इजाफा होगा।

राज्य में मक्का फसल की खरीदी व्यवस्था पूरी तरह ठप्प : चन्द्रशेखर साहू

■ **तत्काल खरीदी शुरू करने की मांग साहू ने सरकार से की**

रायपुर। राज्य में मक्का की खरीदी व्यवस्था पूरी तरह ठप्प पड़ जाने की जानकारी देते हुए पूर्व कृषि मंत्री चन्द्रशेखर साहू कृषक हित में सभी संभागों को तत्काल समर्थन मूल्य में मक्का की खरीदी शुरू करने की मांग उठायी है। श्री साहू ने बताया कि जगदलपुर के बस्तर के किसानों का रूझान मक्के की खेती की ओर तेजी से बढ़ रहा है। यही वजह है कि पिछले एक दशक में मक्का धान के बाद सबसे ज्यादा बोयी जाने वाली फसल बन गई है। इस बात की सच्चाई इस तथ्य से समझी जा सकती है कि पिछले दस सालों में छत्तीसगढ़ में मक्के के रकबे में लगभग 30प्रतिशत वृद्धि हुई है। मक्का मानव आहार, पशु-कुक्कट आहार एवं स्टार्च सहित अन्य औद्योगिक उत्पादनों के लिए उपयोगी खाद्यान्न है। यही

वजह है कि छत्तीसगढ़ के किसानों का रुझान तेजी से बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य में खासकर बस्तर अंचल और देवभोग मैनपुर ब्लॉक में मक्का खरीदी व्यवस्था पूरी तरह ठप्प पड़ा हुआ है जिसके कारण मक्का उत्पादक किसानों को मक्के का समर्थन मूल्य में बेचने की बहुत दिक्कत आ गई है, तथा बड़ी संख्या में प्रदेश के किसान अपने मक्का को ओने पौने दाम में बेचने पर मजबूर हो रहे हैं जबकि राज्य सरकार द्वारा मक्का खरीदी के लिए समर्थन मूल्य में खरीदी व्यवस्था की घोषणा की गई थी और राज्य में आपूर्ति निगम को नोडल एजेंसी बनाया गया था किंतु जमीन पर कहीं भी खरीदी व्यवस्था नजर नहीं आ रही पूरे प्रदेश में लगभग 5 लाख मीट्रिक टन से भी अधिक मक्के का उत्पादन इन दिनों हो रहा है और गुणवत्ता के भी दृष्टि से यहां का मक्का अपेक्षाकृत बेहतर है चाहे वह कोंडागांव जिला हो पखांजूर अंचल हो या अन्य जिले के आदिवासी क्षेत्रों मोहला मानपुर का क्षेत्र हो। पूर्व में उल्लेखित बस्तर संभाग सहित गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग ब्लॉक इन स्थानों में पंजीयन और दूसरे प्रक्रियाओं पर अभी तक किसी प्रकार की समीक्षा नहीं की गई जिससे मक्का उत्पादक किसानों में निराशा है।

बैठक चरणबद्ध आंदोलन कर शासन से मांग पूरा करने के लिए फेडरेशन करेगा शंखनाद

वादा निभाओ रैली का आयोजन होगा 19 दिसम्बर को

■ **छग कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन संघ की बैठक सम्पन्न**

नव प्रदेश संवाददाता

रायपुर। राज्य के 3 लाख 99 हजार कर्मचारी एवं अधिकारी राज्य शासन के उपेछा से वैथित है सरकारी महक में की अनदेखा कर सरकारी योजनाओं का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन नहीं होगा। उक्त आशाय को व्यक्त करते हुए छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के संयोजक कमल वर्मा ने कहा की शासन के उपेछापूर्ण रवैये से राज्य के कर्मचारी अधिकारी चरणबद्ध आंदोलन करेंगें। आंदोलन का नोटिस मुख्य सचिव को 23 नवंबर 2020 को दिया जावेंगा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की मैराथान बैंठक कृषि कलेक्टोरेट परिसर स्थित संयुक्त संचालक कृषि के सभागार में संपन्न हुई। इस बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि 01 दिसंबर 2020 को प्रदेश के कर्मचारियों अधिकारियों द्वारा कलम रख-मशाल उठा आंदोलन किया जावेगा, इसी दिन मुख्य मंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन देकर, हाथों में दीप लेकर मशाल जुलूस निकालेंगे। दूसरे चरण में 11 दिसंबर 2020 को 28 जिलो में वादा निभाओ रैली एवं 19 दिसंबर 2020 को राजधानी रायपुर में वादा निभाओ रैली होगा। आज के बैंठक में फेडरेशन के एकीकरण के प्रस्ताव पर चर्चा किया गया। निर्णय लिया गया कि, पुरानी बातों को भुलकर भूलचुक माफआओ चलो साथ के भावना हेतु फेडरेशन का प्रतिनिधि मंडल कल के दीपावली मिलन बैंठक में संयोजक कमल वर्मा के नेतृत्व में शामिल होगा। ''घर वापसी' का प्रस्ताव देकर आंदोलन में शामिल होने आमंत्रित किया जावेगा। बैठक में मुख्यमंत्री के आश्वासन के बाद भी हाथ खाली रहने पर प्रतिनिधियों ने रोष व्यक्त किया। फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा एवं प्रमुख प्रवक्ता विजय कुमार झा ने बताया है कि दिपावली पूर्व प्रदेश के शासकीय सेवकों के लंबित 5 सूत्रीय मांगों के संबंध में निर्णय नहीं लिया गया। इससे प्रदेश के कर्मचारियों में व्यापक असंतोष है। आज आयोजित मैराथन बैठक में शामिल हुए पदाधिकारीगण क्रमशः प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा, विजय कुमार झा, राजेश चटर्जी, सतीश मिश्रा, कैलाश चैहान, पंकज पाण्डेय, डॉ बी.पी.सोनी, दिनेश कुमार रायकवार, डॉ अशोक कुमार पटेल, डॉ हरिमोहन सिंह, राजेश रिछारिया, यशवंत वर्मा, राकेश शर्मा, रामसागर कौशले अध्यक्ष संचालनालय, डॉ अशोक प्रधान, सत्येन्द्र देवॉगन, सी.के.तिवारी, आर.एन.घ्रूव, दिलीप झा, देवलाल भारती, होरीलाल छेदईया, राजेश सोनी, पी.के.नामदेव, पुरषोत्तम सोनी, अनिल देवॉगन,राजकुमार कुशवाहा, प्रवीण डिडवंशी, अरूण घ्रुवे, राकेश साहू, सुरेश कुमार ढ़ीढी, अजय तिवारी, मनोज कुमार साहू, राजिव वर्मा, ए.के.चेलक, अश्वनी वर्मा प्रांताध्यक्ष राजस्व पटवारी संध, संतोष त्रिपाठी, निरज प्रताप सिंह, शंकर वराठे, एम.एल.चन्द्राकर, आर.के.ठाकुर, वीरन्द्र नामदेव, सुनील बिजवे, बजरंग मिश्रा, सहित अनेक प्रतिनिधि शामिल थे। सभी ने लंबित 9 प्रतिशत् मंहगाई भत्ता, सांतवे वेंतनमान् का लंबित एरियर्स, वेतनवृद्धि की लंबित राशि, कोविड प्रभावितों का बीमा, अनुकंपा नियुक्ति का सीमा बंधन समाप्त करने, क्रमोन्नत् पदोन्नत् वेतनमान, पुरानी पेंशन योजना लागू करने, अनियमित कर्मचारियों को नियमित करने की मांग के संबंध में आंदोलन को सफल बनाने का आव्हान किया। अंत में कर्मचारी नेता स्वर्गीय नेता नरेंद्र चंद्राकर, आर एल साहू सहित प्रदेश में कोरोना काल में दिवंगत शासकीय सेवको को दो मिनट मौन धारण कर विनम्र श्रद्धांजलि अप्रित कर सभा का समापन किया ।

देवउठनी एकादशी पर तुलसी विवाह सम्पन्न होगा 25 को

■ **देवताओं के जागरण से ही वैवाहिक कार्यक्रम होते आरंभ**

रायपुर। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कार्तिक शुक्ल पक्ष की 11 तिथि पर तुलसी विवाह देवउठनी एकादशी के रूप से धूमधाम से मनाया जाएगा। शास्त्रीय मान्यता के अनुसार उक्त दिवस से ही भगवान शालिग्राम एवं तुलसी माता के विवाह से वैवाहिक कार्यक्रमों का शुभारंभ होता है। इस वर्ष भी श्रद्धालुओं द्वारा तुलसी माता के चारों ओर गन्ने का मंडप बनाकर विधि विधान से पूजन किया जाएगा। देश में तुलसी विवाह को छोटी दिवाली के रूप शानदार तरीके से मनाने की परंपरा रही है। देवउठनी एकादशी के दिन श्रद्धालु परिवार की महिलाओं द्वारा गृह के प्रवेश द्वारों में चांवल आटे से विधिवत् चौक बनाकर द्वार पर दीप जलाकर उत्साह पूर्वक तुलसी विवाह सम्पन्न किया

जाएगा।

शास्त्रों में कार्तिक मास को सबसे पवित्र माना गया है. कार्तिक मास में ही धनतेरस दिवाली और तुलसी विवाह जैसे पवित्र पर्व मनाए जाते हैं। मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक मास में जो भी लोग नियमानुसार तुलसी जी की पूजा-अर्चना करते हैं उन पर भगवान विष्णु की कृपा-दृष्टि हमेशा बनी रहती है। मान्यता है कि इस पवित्र मास में भगवान श्री हरि को तुलसी चढ़ाने का फल गोदान के फल से भी कई गुना अधिक प्राप्त होता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष में एकादशी के दिन तुलसी जी का विवाह शालिग्राम के साथ धूमधाम से किया जाता है. ऐसा कहा जाता है कि इस दिन भगवान विष्णु नींद से जागते हैं. तुलसी विवाह को काफी शुभ माना गया है। इस साल 25 नवंबर यानी बुधवार को तुलसी विवाह किया जाएगा। इसके बाद से देशभर में मंगल कार्यों की शुरुआत हो जाएगी.

तुलसी जी को मिला भगवान विष्णु का वरदान-धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, घर में तुलसी का होना बेहद शुभ माना जाता है। कहा जाता है कि जिस घर में तुलसी का वास होता है, वहां कभी भी यमदूत प्रवेश नहीं करते हैं। तुलसी का विवाह भगवान विष्णु के दूसरे रूप शालिग्राम के साथ किया जाता है। कथा के अनुसार, भगवान विष्णु ने एक बार प्रसन्न होकर तुलसी को वरदान दिया था कि मुझे शालिग्राम के नाम से भी जाना जाएगा और जो भी उनका विवाह तुलसी के साथ कराएगा, उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होंगी।

संपादकीय

विश्व स्वास्थ्य संगठन की चेतावनी

वैश्विक महामारी का रूप धारन कर चुके कोरोना वायरस के कारण दुनिया में लाखों लोगों की मौत हो चूंकि है। कोरोना का कहर थमने का नाम नहीं ले रहा है। दुनिया के कई देशों में कोरोना वायरस ने फिर से तांडव मचाना शुरू कर दिया है। इस बीच विश्व स्वास्थ्य संगठन ने चेतावनी दी है कि वैक्सिन आ जाने के बाद भी कोरोना खत्म नहीं होगा। गौरतलब है कि दुनिया भर के वैज्ञानिक पिछले कई माह से कोरोना वायरस से लड़ने के लिए वैक्सिन की खोज में जुटे हुए है और लोग यह उम्मीद पाले बैठे है कि वैक्सिन आ जाने के बाद कोरोना से मुक्ति मिल जाएगी। लेकिन विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख केट्रोस अधानोम ने बयान दिया है कि वैक्सिन आने के बाद भी वो कोरोना वायरस को अपने आप रोकने में कामयाब नहीं हो पाएगी। उनका कहना है कि वैक्सिन आने के बाद वो हमारे पास मौजूद अन्य माध्यमों को मजबूत तो करेगी लेकिन उन्हें रिपलेस नहीं कर पाएगी। विश्व स्वास्थ्य संगठन की इस चेतावनी के बाद अब लोगों को कोरोना वायरस के खतरे के प्रति और अधिक सावधानी बरतने की आवश्यकता है। खास तौर पर भारत जैसे विशाल आबादी वाले देश में तो सतर्कता बरत कर ही कोरोना के खतरे से निपटा जा सकता है। ठंड के मौसम में कोरोना वायरस के और फैलने की संभावना चिकित्सा वैज्ञानिकों ने व्यक्त की है जो सही साबित हो रही है। दीपावली के बाद से देश में कोरोना वायरस से ग्रस्त लोगों की संख्या में बढ़ोत्तरी होने लगी है। देश की राजधानी नई में तो स्थित एक बार फिर बेकाबू होने लगी है। कोरोना वायरस से ग्रस्त अन्य राज्यों में भी ठंड बढ़ने के साथ ही कोरोना संक्रमितों की संख्या मे इजाफा होने लगा है। जिसके चलते कहीं धारा 144 लगानी पड़ी रही है तो कहीं रात्रि 9 बजे से सुबह 6 बजे तक फिर से कर्फ्यू लगाना पड़ रहा है। यदि हालात इसी तरह बिगड़ते रहे तो कई स्थानों पर फिर से लॉकडाउन करने की नौबत आ सकती है। ऐसा ना हो इसके लिए जरूरी है कि लोग कोरोना वायरस को गंभीरता से ले और सामाजिक दूरी बनाए रखें। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कई बार कह चुके है कि जब तक दवाई नहीं तब तक ढिलाई नहीं, लेकिन लोगों में जागरूकता का अभाव देखा जा रहा है। ऐसा लगता है कि लोगों में कोरोना का खौफ खत्म होता जा रहा है। यही वजह है कि न तो लोग दो गज की दूरी का ध्यान रख रहे हैं और ना ही सार्वजनिक स्थलों पर मास्क लगाना जरूरी समझ रहे हैं। सरकार भी लोगों को समझाकर थक गई है अब तो कई राज्यों में मास्क ना लगाने वालों पर भारी भरकम जुर्माना लगाने का प्रावधान किया जा रहा है। लोगों को चाहिए कि वे सरकार को सख्ती बरतने के लिए विवश न करे। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी इस विषयक दिशा निर्देशों का पालन इमानदारी पूर्वक पालन करें। कोरोना वायरस से खुद को भी बचाए और अपने परिवार को भी सुरक्षित रखें। अन्यथा कोरोना वायरस के भयावह दुष्परिणाम सामने आते देर नहीं लगेगी।

भारतीय बैंकिंग को अमूलचूल परिवर्तन की जरूरत

प्रेम शर्मा

इसमें बैंक ऑफ महाराष्ट्र, पंजाब व सिंध बैंक और यूको बैंक हैं। आईडीबीआइ बैंक में भी सरकार अपनी हिस्सेदारी बेच कर बाहर निकलना चाहती है। इन चारों बैंकों के बारे में जल्द ही बड़े अहम अहम फैसला किये जाने के आसार हैं। ऐसे में भारत के बड़े औद्योगिकी घरानों को भी बैंकिंग सेक्टर में उतरने में ज्यादा आजादी मिलनी चाहिए। इस संदर्भ में मौजूदा नियमों में कई तरह के संशोधन की सिफारिश की गई है। इस बारे में तर्क देते हुए यह रिपोर्ट कहती है कि, दिसंबर, 2019 तक दुनिया के शीर्ष 100 बैंकों में भारत का एकमात्र बैंक एसबीआइ है। इस सूची में सौवें स्थान पर स्पेन का बैंका दी साबादेल है जिसका पूंजी आधार 18 लाख करोड़ रुपये का है। जबकि एसबीआइ के बाद भारत के चार बड़े बैंकों का पूंजी आधार बैंका दी साबादेल से बहुत कम है। यानि कि देश के बैंकिंग सेक्टर को अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा के लिए अमूलचूल परिवर्तन की आवश्यकता है।

पिछले लम्बे अरसे से भारतीय बैंकिंग व्यवस्था सुधार की कवायद की जा रही है। वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कई बैंको के विलय के बावजूद बैंकिंग सेक्टर में अपेक्षित सुधार नही आ पाया अब लक्ष्मी विलास बैंक के डीबीएस में विलय को लेकर भी सवाल खड़े हो गए है। बैंकिंग ढांचे में सुधार के अपने एजेंडे को आगे बढ़ाते हुए रिजर्व बैंक की एक समिति ने यह जो कहा कि कॉरपोरेट घरानों को बैंकिंग कंपनियों में प्रमोटर बनने का अवसर मिलना चाहिए वह एक सही सुझाव प्रतीत हो रहा है, लेकिन यह देखने की आवश्यकता है कि बैंकिंग क्षेत्र में कहीं अधिक सुधारों की जरूरत है। इससे भी अधिक इस पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए कि जब तक सुधार के कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने नहीं आते तब तक बैंकिंग क्षेत्र की प्रतिष्ठा को स्थापित करना मुश्किल होगा। इससे इनकार नहीं कि पिछले कुछ वर्षों में रिजर्व बैंक ने बैंकों में सुधार को गति देने वाले एक के बाद एक कदम उठाए हैं, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि गड़बड़ियों और विसंगतियों का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है।

बैंकिंग ढांचे में कोई बड़ी गड़बड़ी सामने आती है तो न केवल बैंक प्रबंधन पर सवाल उठते हैं, बल्कि ऐसे मामलों पर रिजर्व बैंक और केंद्र सरकार की भूमिका पर भी बहस आरंभ हो जाती है। पिछले दिनों लक्ष्मी विलास बैंक के खाताधारकों पर यह शर्त लगाई गई कि वे 25,000 रुपये से अधिक नहीं निकाल सकते। ऐसा इसलिए करना पड़ा, क्योंकि लक्ष्मी विलास बैंक वित्तीय संकट का सामना कर रहा है। इसके पहले भी कुछ अन्य बैंकों के खाताधारकों को लगभग ऐसी ही परिस्थितियों में इस प्रकार की शर्तों से दो चार होना पड़ा है। बैंकिंग ढांचे में सुधार के कदमों को आगे बढ़ाने के साथ ही इस पर भी विचार करना चाहिए कि उनके फंसे हुए कर्जों पर उल्लेखनीय कमी कैसे आए। फंसे हुए कर्जों को एक सीमा तक नियंत्रित करना अभी भी एक बड़ी चुनौती बना हुआ है। इस चुनौती का एक बड़ा कारण बैंकिंग क्षेत्र के मामले में नीर-क्षीर निर्णय लेने में ढिलाई और राजनीतिक लाभ-हानि को अधिक महत्व देना भी है। यह ठीक है कि पिछले कुछ वर्षों में बैंकों के फंसे हुए कर्जों की समस्या सतह पर आने के बाद सुधार के प्रयास तेज हुए हैं, लेकिन यह नहीं कहा जा सकता कि इसको लेकर हर स्तर पर सजगता बरती जा रही है।जहां तक बड़े बैंकों की जरूरत रेखांकित करने की बात है तो यह बहुत पहले से कहा जा रहा है कि बैंकों की तादाद की उतनी जरूरत नहीं जितना कि उनका बड़ा और सक्षम होना। ऐसे में रिजर्व बैंक की समिति की सिफारिशों पर अमल के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि बैंक उन खामियों से मुक्त हों जिनके चलते वे रह-रहकर संकट से घिर जाते हैं और भरोसे का संकट उत्पन्न हो जाता है।

वर्ष 2014 से राजग सरकार की बैंकिंग नियमों को देखें तो साफ हो जाता है कि इसके कार्यकाल में सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों को आपस में विलय कर उन्हें एक मजबूत बैंक बनाने के लिए लगातार फैसले हुए हैं। सितंबर, 2019 में सरकारी क्षेत्र के 10 बैंकों को मिला कर चार बैंकों में तब्दील करने का फैसला किया है। अप्रैल, 2020 से विलय प्रक्रिया लागू की गई है। इसके पहले बैंक ऑफ बड़ौदा में देना बैंक व विजया बैंक के विलय और एसबीआइ में इसके सभी सब्सिडियरी बैंकों को मिलाने का फैसला भी राजग सरकार के कार्यकाल में किया गया था। इसी बीच सरकारी क्षेत्र के आईडीबीआइ बैंक में सरकार ने अपनी अहम हिस्सेदारी भारतीय जीवन बीमा निगम को बेच दी थी। अब आइडीबीआइ बैंक में सरकार अपनी मौजूदा 47 फीसद हिस्सेदारी भी घटाने का रास्ता तलाश रही है।

निजी क्षेत्र के कर्जदाता लक्ष्मी विलास बैंक और सिंगापुर स्थित डीबीएस होल्डिंग्स की भारतीय शाखा के विलय में बैंकिंग क्षेत्र के संगठनों को गड़बड़झाला लग रहा है। बैंक के शेयरधारकों, आम नागरिकों और कई बैंकिंग यूनियन का मानना है कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने जिस तरह से डीबीएस इंडिया को लक्ष्मी विलास बैंक मुफ्त में देने का फैसला किया है, उसमें कई झोल हो सकते हैं। ऑल इंडिया बैंक इंप्लॉईज एसोसिएशन (एआइबीईए) के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने कहा कि आरबीआइ के नेतृत्व में एलवीबी के डीबीएस इंडिया में विलय की जो प्रक्रिया चल रही है, उसमें बड़ा झोल नजर आ रहा है।

आरबीआइ इस विलय को लेकर जिस जल्दबाजी में दिख रहा है, उसमें घोटाले की आशंका भी दिखाई दे रही है। बैंक के एक लाख से अधिक शेयरधारकों को विलय योजना पर प्रतिक्रिया देने के लिए महज तीन दिनों का वक्त दिया गया है। एलवीबी का ठीक से मूल्यांकन तक नहीं किया गया है। आरबीआइ ने मंगलवार को कहा कि विलय के अस्तित्व में आने के बाद एलवीबी का परिचालन बंद समझा जाएगा। बैंक के शेयर और डिबेंचर डिलिस्ट माने जाएंगे, यानी किसी भी शेयर बाजार में उनकी खरीद-फरोख्त नहीं हो सकेगी। ऐसे में यह बुनियादी सवाल यह है कि एलवीबी को संपदा बिक्री की प्रक्रिया से क्यों नहीं गुजारा गया और डिजॉजिट इंश्योरेंस क्रेडिट गारंटी कॉरपोरेशन (डीआइसीजीसी) को सामने आने तथा बैंक को पूंजी मुहैया कराने का मौका क्यों नहीं दिया गया। अगर डीआइसीजीसी को पूंजी मुहैया कराने दिया जाता, तो जमाकर्ताओं को निकासी की सुविधा मिल सकती थी। अगर किसी बैंक के विफल होने की चुभन उसमें शामिल सभी पक्षों तक नहीं पहुंचेगी, तो बैंकों का इस तरह विफल होना जारी रहेगा।

वैसे इस बॉत को नकारा नही जा सकता कि देश की बढ़ती इकोनॉमी के हिसाब से विशाल आकार के बैंक स्थापित करने के लिए सरकार की कोशिशों को आरबीआइ कार्यदल के सुझावों से मदद मिलेगी। इसके आधार पर सार्वजनिक क्षेत्र के कुछ बैंकों के निजीकरण को लेकर भी आगे बढ़ सकती है।आरबीआइ के आंतरिक कार्यदल ने बैंकों की होल्डिंग पैटर्न (मालिकाना हक संबंधी हिस्सेदारी) में बदलाव को लेकर जो सिफारिशें की है वह केंद्र सरकार के वृहत बैंकिंग सुधार का ही हिस्सा है। केंद्र सरकार पहले से ही सरकारी क्षेत्र के बैंकों में बड़े बदलाव के एजेंडे पर काम कर रही है। वैसे भी हाल के दिनों में श्रम कानूनों व कृषि क्षेत्र में कई वर्षो से अटके सुधारों पर दो टूक फैसला करने के बाद केंद्र सरकार अब बैंकिंग सुधारों पर फैसला करने जा रही है।

आरबीआइ के कार्यदल की सिफारिशों में भारत में बड़े व व्यापक पूंजी आधार वाले बैंकों की जरूरत पर खास तौर पर जोर दिया गया है।वित्त मंत्रालय में इस बारे में लगातार विमर्श चल रहा है। वित्त मंत्रालय की दूसरे संबंधित मंत्रालयों व नियामक एजेंसियों से भी बातचीत हो रही है। प्रधानमंत्री कार्यालय भी बैंकिंग सेक्टर में बड़े सुधारों का समर्थक है। निजी क्षेत्र के मौजूदा बैंकों को बड़े पैमाने पर विस्तार करने और बड़े औद्योगिक घरानों को बैंकिंग सेक्टर में उतरने की इजाजत देना इस एजेंडे का अहम हिस्सा होगा। अभी सार्वजनिक क्षेत्र के तीन ऐसे बैंक है जिनमें सरकार अपनी इक्विटी बेचने को इच्छुक है।

विचार

हाफिज सईद पर नौटंकी

पाकिस्तान की जमात-उद-दावा के सरगना हाफिज सईद को 10 साल की जेल की सजा हो गई है। वह पहले से ही लाहौर में 11 साल की जेल काट रहा है। अब ये दोनों सजाएं साथ-साथ चलेंगी। ये सजाएं पाकिस्तान की ही अदालतों ने दी हैं। क्यों दी हैं ? क्योंकि पेरिस के अंतरराष्ट्रीय वित्तीय कोश संगठन ने पाकिस्तान का हुक्का-पानी बंद कर रखा है। उसने पाकिस्तान का नाम अपनी भूरी सूची में डाल रखा है, क्योंकि उसने सईद जैसे आतंकवादियों को अभी तक छुट्टा छोड़ रखा था।

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

हाफिज सईद की गिरफ्तारी पर अमेरिका ने लगभग 75 करोड़ रु. का इनाम 2008 में घोषित किया था लेकिन वह 10-11 साल तक पाकिस्तान में खुला घूमता रहा। किसी सरकार की हिम्मत नहीं हुई कि वह उसे गिरफ्तार करती। दुनिया के मालदार मुल्कों के आगे पाकिस्तान के नेता भीख का कटोरा फैलाते रहे लेकिन मुफ्त के 75 करोड़ रु. लेना उन्होंने ठीक नहीं समझा। क्यों नहीं समझा ? इसीलिए कि हाफिज सईद तो उन्हीं का खड़ा किया गया पुतला था। जब मेरे-जैसा घनघोर राष्ट्रवादी भारतीय पत्रकार उसके घर में बे-रोक-टोक जा सकता था तो पाकिस्तान की पुलिस क्यों नहीं जा सकती थी ? अमेरिका ने जो 75 करोड़ रु. का पुरस्कार रखा था, वह भी किसी ढोंग से कम नहीं था। यदि वह उसामा बिन लादेन को उसके गुप्त ठिकाने में घुसकर मार सकता था तो सईद को पकड़ना उसके लिए कौनसी बड़ी बात थी ? लेकिन सईद तो भारत में आतंक फैला रहा था। अमेरिका को उससे कोई सीधा खतरा नहीं था। अब जबकि खुद पाकिस्तान की सरकार का हुक्का-पानी खतरे में पड़ा तो देखिए, उसने आनन-फानन सईद को अंदर कर दिया। सईद की यह गिरफ्तारी भी दुनिया को एक ढोंग ही मालूम पड़ रही है। सईद और उसके साथी जेल में जरुर रहेंगे लेकिन इमरान-सरकार के दामाद की तरह रहेंगे। अब उनके खाने-पीने, दवा-दारु और आने-जाने का खर्चा भी पाकिस्तान सरकार ही उठाएगी। उन्हें राजनीतिक कैदियों की सारी सुविधाएं मिलेंगी। आंदोलनकारी कैदी के रुप में मैं खुद कई बार जेल काट चुका हूं। जेल-जीवन के आनंद का क्या कहना ? भारत में आतंकवाद फैलाकर इन तथाकथित जिहादियों ने, पाकिस्तानी फौज और सरकार की जो सेवा की है, उसका पारितोषिक अब उन्हें जेल में मिलेगा। ज्यों ही पाकिस्तान भूरी से सफेद सूची में आया कि ये आतंकवादी रिहा हो जाएंगे।

बादलों के आर-पार अंतरिक्ष से ली जा सकेंगी स्पष्ट तस्वीरें

योगेश कुमार गोयल

पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'ईओएस-01' अर्थ ऑब्जर्वेशन रीसैट उपग्रह की ही एक एडवांस्ड सीरीज है। यह कृषि, वानिकी और आपदा प्रबंधन सहायता में प्रयोग किए जाने वाला पृथ्वी अवलोकन उपग्रह है, जो अंतरिक्ष में भारत की तीसरी आंख साबित होगा। दरअसल ईओएस 01 एक ऐसा अग्रिम रडार इमेजिंग उपग्रह है, जिसका सिंथैटिक अपरचर रडार बादलों के पार भी दिन-रात तथा हर प्रकार के मौसम में स्पष्टता के साथ देख सकता है और इसमें लगे कैमरों से बेहद स्पष्ट तस्वीरें खींची जा सकती हैं।

भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) द्वारा पिछले दिनों भारत के नवीनतम पृथ्वी अवलोकन उपग्रह 'ईओएस-01' (अर्थ ऑब्जर्वेशन सैटेलाइट) के सफलतापूर्वक लांच के साथ ही सफलता का एक और नया इतिहास रचा गया। इस महत्वपूर्ण उपग्रह प्रक्षेपण अभियान में इसरो द्वारा मुख्य सैटेलाइट के तौर पर भारत के ईओएस-01 के अलावा विदेशी ग्राहकों के नौ अन्य वाणिज्यिक उपग्रहों को भी भारत के पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल 'पीएसएलवी-सी49' के जरिये प्रक्षेपण के बाद सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया।

विदेशी उपग्रहों में अमेरिका के 4 लेमुर मल्टी मिशन रिमोट सेंसिंग सैटेलाइट, लग्जमबर्ग के क्लेओस स्पेस द्वारा 4 मैरीटाइम एप्लीकेशन सैटेलाइट तथा लिथुआनिया का एक प्रौद्योगिकी डेमॉन्स्ट्रेटर उपग्रह शामिल थे। विदेशी उपग्रहों को अंतरिक्ष विभाग के न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड (एनएसआईएल) के साथ वाणिज्यिक समझौते के तहत लांच किया गया। ये सभी उपग्रह श्रीहरिकोटा स्थित सतीश धवन अंतरिक्ष केन्द्र में भारतीय उपग्रह प्रक्षेपण यान पीएसएलवी-सी49 से अंतरिक्ष की कक्षा में प्रक्षेपित किए गए। पीएसएलवी-सी49 ने दोपहर 3.12 बजे लिफ्टऑफ करने के बाद प्रत्येक 20 मिनट के अंतराल पर हर सैटेलाइट को उसकी कक्षा में स्थापित किया।

पीसीएलवी का यह 51वां सफल मिशन था और इस मिशन के पूरा होने के साथ ही इसरो 328 विदेशी उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने में कामयाब हो गया है। इसरो द्वारा पीएसएलवी रॉकेट के जिस डीएल वैरिएंट का उपयोग किया गया, उसमें दो स्ट्रैप-ऑन बूस्टर मोटर्स थे। इस रॉकेट वैरिएंट का इस्तेमाल इसरो द्वारा पहली बार 24 जनवरी 2019 को ऑर्बिट माइक्रोसेट आर सैटेलाइट में किया गया था। अब यह भी जान लें कि भारतीय उपग्रहों के अलावा अंतरिक्ष में विदेशी उपग्रहों को भी सफलतापूर्वक स्थापित करने वाला पीएसएलवी क्या है?

पीएसएलवी (पोलर सैटेलाइट लांच व्हीकल) इसरो द्वारा संचालित एक ऐसी उन्नत प्रक्षेपण प्रणाली है, जिसे भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा अपने उपग्रहों को अंतरिक्ष की कक्षा में प्रक्षेपित करने के लिए विकसित किया गया है। पीएसएलवी को भारतीयों उपग्रहों के अलावा विदेशी उपग्रहों की लांचिंग के अलावा भी उपयोग किया जाता रहा है। यह एक चार चरण/इंजन वाला ऐसा रॉकेट है, जो ठोस तथा तरल ईंधन द्वारा वैकल्पिक रूप से छह बूस्टर मोटर्स के साथ संचालित किया जाता है और शुरूआती उड़ान के दौरान उच्च गति देने के लिए पहले चरण पर स्ट्रैप होता है। पीएसएलवी छोटे आकार के उपग्रहों को भू-स्थिर कक्षा में भी भेज सकने में सक्षम है और पीएसएलवी की सहायता से अभी तक 70 से भी अधिक अंतरिक्ष यानों को विभिन्न कक्षाओं में प्रक्षेपित किया जा चुका है।

तिरूवनंतपुरम स्थित विक्रम साराभाई स्पेस सेंटर (वीएसएससी) से दूर श्रीहरिकोटा में रॉकेट पोर्ट पर इसरो द्वारा रॉकेट सिस्टम का परीक्षण करने के लिए एक वर्चुअल लांच कंट्रोल सेंटर विकसित किया गया है। कोविड-19 महामारी फैलने के बाद श्रीहरिकोटा जाने वाले लोगों की संख्या को कम करने के उद्देश्य से इसरो द्वारा वीएसएससी में इस सेंटर को विकसित किया गया। वीएसएससी के निदेशक एस सोमनाथ के मुताबिक वीएसएससी में विभिन्न रॉकेट प्रणालियों का परीक्षण किया जा रहा है। श्रीहरिकोटा में रॉकेट पोर्ट पर लांच के लिए तीन रॉकेट तैयार हो रहे हैं, जिनमें से एक ध्रुवीय उपग्रह प्रक्षेपण यान अर्थात् पीएसएलवी सी49 का अभी प्रक्षेपण किया गया है। इसके अलावा पीएसएलवी सी50 और जियोसिंक्रोनस सैटेलाइट लांच व्हीकल (जीएसएलवी) भी इनमें शामिल हैं।

इसरो द्वारा इस साल जनवरी माह में पीएसएलवी सी48 के जरिये रीसैट-2बीआर1 को अंतरिक्ष में स्थापित किया गया था लेकिन कोरोना महामारी के कारण उसके बाद इसरो के सारे मिशन स्थगित रहे। महामारी के चलते इसरो के गगनयान, चंद्रयान-3 सहित 10 महत्वपूर्ण अभियान प्रभावित हुए। कोरोना काल के बाद अब इसरो का इस साल यह पहला रॉकेट लांच मिशन था। इस सफल उपग्रह प्रक्षेपण मिशन के बाद इसरो अब अगले माह अपने बहुप्रतीक्षित नए रॉकेट स्मॉल सैटेलाइट लांच व्हीकल का प्रथम प्रदर्शन करने की तैयारी कर रहा है। दिसम्बर माह में पीएसएलवी सी50 और उसके बाद जनवरी-फरवरी 2021 में जीसैट-12 आर को अंतरिक्ष में छोड़े जाने की योजना है। दरअसल प्रत्येक सैटेलाइट लांच के बाद दूसरे लांच के लिए तैयारी में लगभग 30 दिनों का समय लगता है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

आप हो तो मैं हूँ कान्हा वरना जिन्दगी

आप हो तो मैं हूँ कान्हा वरना जिन्दगी तो रोज शतरंज का नया खेल सजाये बैठी रहती है... आप हो तो विश्वास है हमें... शय और मात के इस खेल में आप कभी मेरी हार नहीं होने दोगे। **नेह अग्रवाल नेह**

कोई आपको प्रेम करता है ये आपका

कोई आपको प्रेम करता है!! ये आपका भाग्य है!! मगर!! कोई आपको पूजता है!! ये आपका सौभाग्य है!! क्योंकि!! ये वो दौर है,,, जिसमें देवता भी अपने पूजन को तरस रहे हैं।।

अनिल अनमोल शर्मा

ख़ास पाती | ठण्ड शुरू हो गई है, आप सभी

ठण्ड शुरू हो गई है, आप सभी से गुज़ारिश है कि आप जब भी रात में अपनी कार या अन्य वाहनों से कहीं बाहर जायें तो अपने पुराने कपड़े, स्वेटर और कम्बल अपने साथ रख लें। जहाँ भी आपको कोई बच्चा, बुजुर्ग या ज़रूरतमंद ठण्ड से ठिठुरता मिले तो आप उस जरूरतमंद को वह दे दें। आपका यह एक कदम उठाने से किसी गरीब की जान बच सकती है। **सरला सिंह**

दादोसा ने गिरधर की मूरत से मिलवाया

दादोसा ने गिरधर की मूरत से मिलवाया था भक्ति के संस्कारों को बचपन में ही पाया था गुड़िया की शादी में माँ से जब पूछा मेरा दुल्हा कौन, तब माँ सा ने गिरधर की मूरत को पति बताया था।। एक पत्थर की मूरत को सबकुछ मान मीरा ने जीवन का हर पल लुटाया था। लाख सुने दुनियाँ के ताने मीरा ने पर अपनी सुध से मोहन को ना बिसराया था। जहर दिया और सर्पो की माला भेजी मीरा ने अपने गीतों में बस मोहन को गाया था तेरे बिन तेरे संग राधे कृष्ण। **मीना सोनी**

जब-जब तुमको लिखना चाहा, तुमने

जब-जब तुमको लिखना चाहा,तुमने मेरा साथ दिया। जब-जब संग-संग चलना चाहा, तुमने बढ़कर हाथ दिया। किस-किस को पूजूँ मैं यारों, किस-किस का आभार करूँ-धन्यवाद संग कोटि नमन है, झोली भर-भर नाथ दिया।।

अमित शिवकुमार दुबे

इस गली उस गली मखमली धूप

इस गली उस गली मखमली धूप है जाड़ों की मीठी कुछ गुनगुनी धूप है।। मिल गई तेरी आमद मेरी रूह को सर्द साँसों ने पाई नई धूप है।। जो उतर आई है मेरे रुख पर अभी तेरे ख्वाबों ख़यालों की ही धूप है। ख़्वाब है ये मेरा या छुअन है तेरी मैं सिहर सी गई जब लगी धूप है।। कल हमारा जो साया बनी थी यहाँ छुप रही बादलों में वही धूप है।। साँझ के धुंधलके से लगी झाँकने छा गई हर तरफ़ सुरमई धूप है।। फैक आती है दिन भर की अपनी ये गर्द सुब्ह लगती हमें फिर नई धूप है।।

माधुरी स्वर्णकार

मिलना है तुझसे जिंदगी खोने से

मिलना है तुझसे जिंदगी खोने से पहलेबहुत कुछ कहना है तुझसे दुनिया छोड़ने से पहले इस जिंदगी का क्या भरोसा कान्हा,, आज है कल नहीं बस तू मुझे अपने चरणों मे ले लेना सांस टूटने से पहले। हे कान्हा..तेरे साथ को तरसे, तेरी बात को तरसे तेरे होकर भी एक मुलाकात को तरसे। **श्री मंजू**

उम्र के आखिरी छोर पर वक्त से होंगे

उम्र के आखिरी छोर पर वक्त से होंगे दो-दो हाथ सांसे काबू में हैं मेरे हौसला तूँ देना मेरा साथ जिंदगी की पहेलियाँ मैंने बहुत बुझाई कुदरत के साथ बदलाव किया न की कभी लड़ाई एक पहचान छोड़कर जाना है कब तक याद रखता जमाना है विपदाएं, बाधाएं, प्रलय न जाने क्या! हमारा काम तो सिर्फ चलते जाना है धैर्य,संयम रखना है जीवन का स्वाद चखना है हौसला बुलंद है बेशक दरवाज़ा बंद है।



प्रवीण माटी

QUIZ TIME

1) 1932 में रायपुर जिले में सविनय अवज्ञा आंदोलन का नेतृत्व इनमें किस महिला ने किया था? (केतकी बाई / राधा बाई)

2) हरिजन उद्धार के लिये गांधी जी ने छ.ग. का दौरा कब किया था? (नवम्बर 1933 / अप्रैल 1934)

3) धान के बाद छत्तीसगढ़ में किस फसल का सर्वाधिक उत्पादन होता है?

4) छत्तीसगढ़ी में प्रचलित 'छः आगर छः कोरी' का अर्थ क्या है?

5) आंदोलनकारी का नाम बताइए जिन्होंने रूद्री नवागांव का जंगल सत्याग्रह आजादी के आंदोलन के दौरान अंग्रेजों का कानून तोड़ने वाले आंदोलनों में से प्रमुख थे?

Ramaquiz

उत्तरमाला-(1) राधा बाई (2) नवम्बर 1933 (3) लाखड़ी (4) 126 (5) मेधु कुम्हार

आज का इतिहास

नयी दिल्ली (वार्ता)। भारतीय एवं विश्व इतिहास में 23 नवंबर की प्रमुख घटनाएं इस प्रकार हैं..

1705 - निकोलस रोवे का प्ले युलिसेस का लंदन में प्रीमियर किया गया। 1808 - टूडेला की लड़ाई: फ्रेंच मार्शल लेंस ने स्पैनिश सेना को हराया। 1810 - अंग्रेजी अभिनेत्री सारा बूथ ने अपने हॉलीवुड करियर की शुरुआत थिएटर रॉयल, कोवेन्ट गार्डन में की थी। 1848 - महिला मेडिकल शैक्षिक सोसाइटी बोस्टन में स्थापित की गयी। 1863 - पहली बार रंगीन फोटो बनाने की प्रक्रिया के लिए पेटेंट दी गई। 1876 - पोर्फिरियो डीआज़ मेक्सिको के राष्ट्रपति बनाये गए। 1890 - नीदरलैंड के राजा विलियम तृतीय की मौत हुई। 1890 - इटली में पहली बार आम चुनाव हुआ। 1892 - लोमानी कांगो के युद्ध में बेल्जियम ने अरब को हराया। युद्ध में करीब 3000 लोग मारे गये। 1909 - राइट बंधुओं ने विमानों के उत्पादन के लिए 10 लाख डॉलर की पूंजी से कंपनी की स्थापना की। 1927 - ऑटोमेटेड म्यूजिकल इंस्ट्रुमेंट नाम की कंपनी ने पहला ज्यूक बॉक्स तैयार किया। 1937 - देश के प्रख्यात भौतिक विज्ञानी, जीवविज्ञानी और पुरातत्वविद् जगदीशचंद्र बसु का निधन हुआ। 1946 - वियतनाम के हैफ्योंग शहर में फ्रांसीसी नौसेना के जहाज में लगी भीषण आग में 6000 लोग मारे गए। 1967 - दक्षिण अफ्रीका के पूर्व बल्लेबाज गैरी कर्स्टन का जन्म हुआ। उनकी कोचिंग में भारतीय टीम ने 2011 में विश्व कप जीता था। 1971 -चीन यूएन की सुरक्षा परिषद का सदस्य बना। 1980 - इटली में भूकंप के चलते 2600 लोग मारे गए।

'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' की पुरानी सोनू का दिखा बोल्ड अंदाज

नई दिल्ली ए.। तारक मेहता का उल्टा चश्मा की पुरानी सोनू यानी कि निधि भानूशाली अपनी बोल्ड फोटोज को लेकर सुर्खियों में हैं। निधि दरअसल कुछ दिनों पहले गोवा वेकेशन पर गई थीं। इस वेकेशन से निधि ने ब्लू बिकिनी फोटोज शेयर की थीं। इन फोटोज को शेयर करते हुए निधि ने लिखा, विटामिन सी और विटामिन डी लेते हुए ताकि कोविड 19 से दूर रहूं। निधि ने साथ ही में अपने नए हेयरस्टाइल की फोटो भी शेयर की है जिसमें वह कूल लग रही हैं। साथ ही उन्होंने नोज पियरसिंग की हुई है।

निधि का बोल्ड अंदाज देखकर फैन्स भी शॉक्ड हो गए हैं। हालांकि फैन्स को उनका लेटेस्ट लुक काफी पसंद आ रहा है। सभी उनके लुक्स की तारीफ कर रहे हैं। बता दें कि कुछ दिनों पहले जेठालाल यानी कि दिलीप जोशी ने कहा था कि वक्त के साथ शो की राइटिंग पर काफी बुरा असर पड़ा है। दिलीप का कहना है कि शो के राइटर्स पर काफी प्रेशर होता है कि उन्हें रोज नए एपिसोड के लिए स्क्रिप्ट देनी होती है और यही वजह है कि उनकी राइटिंग की क्वालिटी पर इसका असर पड़ता है।

माधुरी दीक्षित ने ट्रेडिशनल अवतार में शेयर की फोटो

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड की धक-धक गर्ल माधुरी दीक्षित ने सोशल मीडिया पर ट्रेडिशनल अवतार पर एक फोटो शेयर की है। माधुरी दीक्षित इन दिनों ज्यादा फिल्में नहीं करती लेकिन वह सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी फोटो और वीडियो अक्सर फैंस के साथ शेयर करती रहती हैं। उन्होंने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक फोटो शेयर की है जिसमें वह व्हाइट कलर की ड्रेस पहने ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रही हैं। माधुरी व्हाइट कलर की आउटफिट पर मांग टीका, बालों में गजरा लगाकर खुद को आइना में निहारते हुए नजर आ रही हैं। माधुरी की इस फोटो पर फैन के साथ-साथ सेलेब्स भी कमेंट करते हुए नजर आ रहे हैं। इस फोटो पर कमेंट करते हुए अभिनेत्री मौनी रॉय ने दिल वाली इमोजी बनाया है। माधुरी दीक्षित ने इस फोटो को खूबसूरत से कैप्शन के साथ शेयर किया है। उन्होंने लिखा, ÷सेट पर, जीवन की तरह, हर छोटी सी चीज के अपने एक अलग मायने होते हैं, फोकस रहें और एक दूसरे के साथ रहें।

भोजपुरी बॉक्स ऑफिस पर चिंटू की 'दोस्ताना' ने मचायी धूम

मुंबई (वार्ता)। भोजपुरी फिल्मों के चॉकलेटी स्टार प्रदीप पांडेय चिंटू की नई भोजपुरी फिल्म 'दोस्ताना' बॉक्स ऑफिस पर धूम मचा रही है। छठ पूजा के शुभ अवसर पर फिल्म 'दोस्ताना' बिहार-झारखंड के सिनेमाघरों में एक साथ रिलीज की गयी है। दोस्ताना भोजपुरी की पहली बड़ी फिल्म है जो कोरोना वायरस के लंबे अंतराल के बाद प्रदर्शित की गयी। पिता-पुत्र के अटूट रिश्ते पर बनी फिल्म को दर्शक खूब पसंद कर रहे है। बॉलीवुड फिल्म समीक्षक कोमल नाहटा ने सोशल मीडिया एकाउंट के जरिये इस फिल्म के बारे में लिखा कि यह भोजपुरी की पहली फिल्म है जो कोरोना वायरस के लंबे अंतराल के बाद रिलीज की गई,इसके लिए मैं पूरी टीम को दिल से बधाई देता हूं। कोमल नाहटा के पोस्ट को कई हिंदी के बड़े सेलेब्रिटीज़ ने भी शेयर किया है। गौरतलब है कि वर्ल्ड वाइड फिल्म प्रोडक्शन के बैनर तले बनी इस फिल्म के निर्माता प्रदीप सिंह और निर्देशक पराग पाटिल है। इसके मुख्य भूमिकाओं में प्रदीप पांडेय चिंटू, काजल राघवानी, रक्षा गुप्ता, अवधेश मिश्रा, देव सिंह, संजय पांडेय, बालेश्वर सिंह, अरुण सिंह एवं अन्य है।

5 कंपनियों का मार्केट कैप 1.07 लाख करोड़ रु. घटा

सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज

नई दिल्ली ए.। सेंसेक्स की टॉप-10 में से पांच कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,07,160 करोड़ रुपये की गिरावट आई। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस और आईसीआईसीआई बैंक का बाजार पूंजीकरण भी घट गया। इसके बावजूद शीर्ष 10 कंपनियों की सूची में रिलायंस इंडस्ट्रीज शीर्ष पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, इन्फोसिस, एचडीएफसी, कोटक महिंद्रा बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल का स्थान रहा।

वहीं दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक, एचडीएफसी लि., बजाज फाइनेंस और भारती एयरटेल के बाजार पूंजीकरण में बढ़ोतरी हुई। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 439.25 अंक या 1.01 प्रतिशत के लाभ में रहा।

रिलायंस इंडस्ट्रीज को 69,378.51 करोड़ का झटका

समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 69,378.51 करोड़ रुपये घटकर 12,84,246.18 करोड़ रुपये रह गया। वहीं, टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 4,165.14 करोड़ रुपये घटकर 9,97,984.24 करोड़ रुपये तथा हिंदुस्तान यूनिलीवर का 16,211.94 करोड़ रुपये की गिरावट के साथ 4,98,011.94 करोड़ रुपये रह गया। इन्फोसिस के बाजार मूल्यांकन में 12,948.61 करोड़ रुपये की गिरावट आई और यह 4,69,834.44 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक का मूल्यांकन 4,455.8 करोड़ रुपये घटकर 3,33,315.58 करोड़ रुपये रह गया।

एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत बढ़ी

दूसरी ओर एचडीएफसी बैंक की बाजार हैसियत 18,827.94 करोड़ रुपये बढ़कर 7,72,853.69 करोड़ रुपये पर पहुंच गई। एचडीएफसी का मूल्यांकन 3,938.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 4,19,699.86 करोड़ रुपये रहा। कोटक महिंद्रा बैंक का बाजार पूंजीकरण 23,445.93 करोड़ रुपये के उछाल से 3,73,947.2 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस का बाजार मूल्यांकन 20,747.08 करोड़ रुपये की वृद्धि के साथ 2,84,285.64 करोड़ रुपये और भारती एयरटेल का 1,145.67 करोड़ रुपये बढ़कर 2,63,776.2 करोड़ रुपये पर पहुंच गया।

विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 573 अरब डॉलर पहुंचा

मुंबई (वार्ता)। देश के विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार सातवें सप्ताह तेजी दर्ज की गयी और 13 नवंबर को समाप्त सप्ताह में यह बढ़कर 573 अरब डॉलर के करीब हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा गत शुक्रवार को जारी आंकड़ों के मुताबिक एक सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.28 अरब डॉलर बढ़कर 572.77 अरब डॉलर हो गया। विदेशी मुद्रा भंडार में लगातार सातवें सप्ताह तेजी दर्ज की गयी है। स्वर्ण भंडार हालांकि 1.23 अरब डॉलर घटकर 36.35 अरब डॉलर हो गया। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि भी डेढ़ करोड़ डॉलर घटकर 4.66 अरब डॉलर रह गयी जबकि विशेष आहरण अधिकार 5.7 करोड़ डॉलर बढ़कर 1.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

आपूर्ति क्षेत्र की अगुवाई में 'ब्लू कॉलर' नौकरियों में सुधार : रिपोर्ट

नई दिल्ली ए.। कोरोना वायरस महामारी की रोकथाम के लिए लॉकडाउन लगाए जाने के बाद देश में ब्लू कॉलर (शारीरिक श्रम करने वाले कर्मचारी) नौकरियों में गिरावट देखने को मिली थी। हालांकि अब खाद्य एवं किराना सामान समेत आपूर्ति (डिलिवरी) खंड की अगुवाई में इन नौकरियों में तेज सुधार देखने को मिल रहा है। एक रिपोर्ट में यह कहा गया है।नौकरियों से संबंधित सेवाएं देने वाली स्टार्टअप कंपनी वाहन के अनुसार, खाद्य एवं किराना डिलिवरी खंड में 'ब्लू कॉलर नौकरियों की मांग कोविड-19 से पहले के स्तर के 100 प्रतिशत पर वापस आ चुकी है। डिलिवरी खंड अब हर महीने ढाई से तीन लाख नौकरियां उत्पन्न कर रहा है। कंपनी ने अपने ऐप से जमा किए गए आंकड़ों के आधार पर कहा कि डिलिवरी खंड के अलावा विनिर्माण, सहायक गतिविधियों और बीपीओ क्षेत्र में भी नौकरियों की मांग आ रही है।वाहन के सह-संस्थापक एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी माधव कृष्ण ने इस बारे में कहा, ''लॉकडाउन के दौरान ब्लू कॉलर नौकरियों की मांग में जो गिरावट आयी थी, अब डिलिवरी खंड की अगुवाई में उसमें तेज सुधार देखने को मिल रहा है।

विराट के नहीं होने से भारतीय बल्लेबाजी में बड़ा अंतर पैदा होगा : चैपल

बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी

सिडनी (वार्ता)। ऑस्ट्रेलिया टीम के पूर्व कप्तान और मशहूर कमेंटेटर ईयान चैपल का कहना है कि भारतीय कप्तान विराट कोहली के बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के आखिरी तीन मैचों में नहीं रहने से भारतीय टीम की बल्लेबाजी में बड़ा अंतर पैदा होगा। विराट एडिलेड से 17 दिसंबर से शुरू हो रही चार मैचों की टेस्ट सीरीज के पहले मैच में हिस्सा लेने के बाद स्वदेश लौट जाएंगे। ऐसे में विराट की गैरमौजूदगी से टीम इंडिया के प्रदर्शन को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। चैपल नेकहा, कप्तान विराट पहले टेस्ट के बाद जब स्वदेश लौट जाएंगे तो भारत को टीम चयन को लेकर समस्या आएगी। यह भारतीय बल्लेबाजी क्रम में एक बड़ा अंतर पैदा करेगी लेकिन इसके साथ ही यह एक उभरते खिलाड़ी को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका

विराट ने बहाया जिम में जमकर पसीना

नई दिल्ली ए.। 27 नवंबर से शुरू हो रहे ऑस्ट्रेलिया दौरे से पहले टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली ने जिम में जमकर पसीना बहा रहे हैं। कोहली ने अपने वर्कआउट की तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की है। भारत को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीन वनडे, तीन टी20 और चार टेस्ट मैचों की सीरीज खेलनी है। कोहली एडिलेड में होने वाले डे-नाइट टेस्ट मैच के बाद पैटरनिटी लीव के चलते स्वदेश वापस लौट जाएंगे और अजिंक्य रहाणे बाकी तीन मैचों में टीम की अगुवाई करते नजर आएंगे। कोहली ने इंस्टाग्राम पर अपने वर्कआउट की चार तस्वीरें शेयर की है, जिसमें वह साइकलिंग से लेकर अपने एब्स की एक्सरसाइज करते दिखाई दे रहे हैं। टीम इंडिया के कप्तान का यह अंदाज लोगों को काफी पसंद आ रहा है और विराट की यह तस्वीरें बहुत कम समय में सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो गई है। बता दें कोहली अपनी फिटनेस का बहुत ध्यान रखते हैं और साथी खिलाड़ियों को भी लगातार मोटिवेट करते रहते हैं।

जाम्पा ने की विराट की तारीफ

नई दिल्ली ए.। *ऑस्ट्रेलिया के स्पिन गेंदबाज एडम जाम्पा ने विराट कोहली के बर्ताव को लेकर बड़ा खुलासा किया है। जाम्पा ने बताया कि कोहली मैदान के बाहर काफी मस्त रहते हैं और वह उनका बर्ताव क्रिकेट फील्ड की तुलना में एकदम विपरीत रहता है। एडम जाम्पा इस सीजन आईपीएल में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम का हिस्सा थे और उन्होंने विराट के साथ ड्रेसिंग रूम शेयर किया था। जाम्पा ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड से बातचीत करते हुए कहा, 'कोहली वह नहीं हैं, जो आप उनको मैदान पर देखते हैं। वह अपनी इंटेंसिटी को गेम और ट्रेनिंग के दौरान लेकर आते हैं। उनका कॉम्पिटेशन से प्यार है। वह हारने से काफी नफरत करते हैं। वह बाकी सभी लोगों के मुकाबले खुद को ज्यादा दिखाते हैं। एक बार जब वह मैदान से बाहर निकल जाते हैं, तो वह एकदम चिल इंसान हैं। वह बस में यूट्यूब देखते हैं, वह काफी तेज हंसते हैं।'*

कमबैक के लिए तैयार श्रीसंत

इस टी20 लीग में खेलते हुए आएंगे नजर

नई दिल्ली ए.। मैच फिक्सिंग के मामले में लगभग सात साल का बैन झेलने के बाद एस श्रीसंत एक बार फिर मैदान पर वापसी करने जा रहे हैं। श्रीसंत केरल टी20 लीग का हिस्सा होंगे और अपना दमखम दिखाते नडर आएंगे। इस टी20 लीग का आयोजन भारत के घरेलू सीजन शुरू होने से पहले होगा और टूर्नामेंट को बायो सिक्योर बबल में करवाया जाएगा। श्रीसंत का बैन इस साल सितंबर में खत्म हुआ है, जिसके बाद वह अब राज्य और देश के लिए दोबारा क्रिकेट खेल सकते हैं। स्टार स्पोर्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक श्रीसंत केरल प्रेसिडेंट्स टी20 कप में खेलते दिखाई देंगे। केरल क्रिकेट एसोसिएशन के प्रेसिडेंट के.वर्गी ने इस बात की पुष्टि की है कि श्रीसंत इस टी20 लीग का हिस्सा होने वाले हैं और इस लीग का आकर्षण रहेंगे। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स के साथ बात करते हुए कहा, 'हां, बिल्कुल श्रीसंत आकर्षण रहने वाले हैं। हर खिलाड़ी बायो बबल के अंदर अलपुझा के होटल में रहेगा। हम दिसंबर के पहले हफ्ते की तरह देख रहे हैं। केरल सरकार से परमिशन मिलना अहम चीज है।'एस श्रीसंत पर 2013 में स्पॉट फिक्सिंग का दोषी पाए जाने के बाद आजीवन बैन लगाया था, लेकिन उसको पिछले साल घटाकर 7 साल का कर दिया गया था।

अर्थव्यवस्था में तेजी से सुधार, तीसरी व चौथी तिमाही में सकारात्मक रहेगी वृद्धि दर : अर्थशास्त्री

नई दिल्ली ए.। भारत की वृहद आर्थिक स्थिति तेजी से सुधर रही है और चालू वित्त वर्ष (2020-21) की तीसरी और चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर सकारात्मक रहेगी। प्रसिद्ध अर्थशास्त्री आशिमा गोयल ने रविवार को यह बात कही। गोयल ने पीटीआई-भाषा से साक्षात्कार में कहा कि कोविड-19 महामारी के प्रबंधन और लॉकडाउन को धीरे-धीरे उठाने से महामारी को उच्चस्तर पर पहुंचने से रोकने में मदद मिली है। उन्होंने कहा कि विभिन्न एजेंसियां वृद्धि के अनुमान में लगातार बदलाव कर रही हैं।

वृद्धि दर में गिरावट दो अंक से कम रहेगी

गोयल ने कहाहम देख रहे हैं कि अब लगातार यह सहमति बन रही है कि वृद्धि दर में गिरावट दो अंक से कम रहेगी। सितंबर में अनलॉक 4 से आपूर्ति श्रृंखला की बाधाएं दूर हुई हैं और गतिविधियां तेजी से रफ्तार पकड़ रही हैं। तीसरी और चौथी तिमाही में वृद्धि दर सकारात्मक रहेगी। गोयल को रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) का सदस्य नियुक्त किया गया है। उन्होंने कहा कि कई सुधारों के मोर्चों पर प्रगति हुई है, इससे दीर्घावधि की वृद्धि दर को टिकाऊ करने में मदद मिलेगी। उन्होंने कहा, ''भारत की विविधता तथा जुझारू क्षमता के अलावा अधिशेष तरलता से स्थिति सुधर रही है। काफी समय तक तरलता का संकट रहा, लेकिन अब यह आसानी से उपलब्ध है। उन्होंने स्पष्ट किया कि वह यह साक्षात्कार व्यक्तिगत हैसियत से दे रही हैं। ऊंची खुदरा मुद्रास्फीति पर गोयल ने कहा कि इसकी वजह आपूर्ति पक्ष के कारक मसलन बेमौसम बरसात आदि हैं। लेकिन आपूर्ति पक्ष की बाधाएं अधिक समय तक नहीं रहेंगी। उन्होंने कहा, ''इसके अलावा दीर्घावधि के बदलाव हैं, जिनसे मुद्रास्फीति घटेगी।

अधिक खर्च कर रही है सरकार

उन्होंने इस बात का जिक्र किया कि सरकार शुद्ध मांग को प्रोत्साहन उपलब्ध करा रही है। हालांकि, राजस्व घटा है, लेकिन सरकार अधिक खर्च कर रही है। गोयल ने कहा, ''राजकोषीय घाटा पहले ही बजट अनुमान के पार चला गया है। केंद्र और राज्यों का राजकोषीय घाटा सामूहिक रूप से इस साल 12 प्रतिशत पर पहुंच जाएगा। घाटे के मौद्रिकरण पर सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि सही मौद्रिकरण तभी होगा जबकि रिजर्व बैंक सरकारी ऋण में बढ़ोतरी के बिना सरकार को स्थानांतरण के जरिये स्वतः घाटे का वित्तपोषण करेगा। रिजर्व बैंक द्वारा राजकोषीय घाटे के मौद्रिकरण से तात्पर्य केंद्रीय बैंक द्वारा सरकार के आपात खर्च तथा राजकोषीय घाटे को पूरा करने के लिए करेंसी नोटों की छपाई से है। इस तरह की कार्रवाई आपात स्थिति में की जाती है।

शेन बॉन्ड ने बताया, क्यों हैं जसप्रीत बुमराह विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज

नई दिल्ली ए.। न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज शेन बॉन्ड ने बताया है कि किस वजह के चलते जसप्रीत बुमराह विश्व के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज हैं। बॉन्ड पिछले कई सालों से बतौर गेंदबाजी कोच मुंबई इंडियंस की टीम के साथ जुड़े हुए हैं और जसप्रीत बुमराह के साथ उनका तालमेल काफी अच्छा है। बुमराह ने आईपीएल के पिछले कुछ सीजनों में लगातार काफी अच्छी गेंदबाजी का प्रदर्शन किया है, इसके साथ ही टीम इंडिया को भी बुमराह ने कई मैचों में अपनी गेंदबाजी के दम पर जीत दिलाई है। बॉन्ड ने इस तेज गेंदबाज को गन बताया है।

शेन बॉन्ड ने सिडनी मॉर्निंग हेराल्ड के साथ बुमराह की गेंदबाजी पर बात करते हुए कहा, 'उनके अंदर इच्छा है लगातार विश्व का बेस्ट गेंदबाज बने रहने की। मुझे लगाता है कि वह बेस्ट फास्ट बॉलर हैं। वह एक गन हैं। बुमराह काफी तेजी से नहीं भागते हैं, वह पहले चलकर आते हैं और फिर आखिरी के कुछ स्टेप में तेजी पकड़ते हैं। उनके पास बिल्कुल, वह सीधे पैर मौजूद हैं, जो की थोड़े से अलग हैं, लेकिन एक गेंदबाज जो काफी बड़ा नहीं है और ना ही बहुत तेज दौड़ता है, उसके बावजूद भी वो काफी तेज हैं।'

बुमराह ने इस साल यूएई में खेले गए आईपीएल में मुंबई इंडियंस की तरफ से बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 15 मैचों में 27 विकेट अपने नाम की थी और इस सीजन सबसे ज्यादा विकेट चटकाने के मामले में दूसरे नंबर पर रहे थे। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ27 नवंबर से शुरू हो रही वनडे सीरीज में बुमराह का रोल काफी अहम रहना वाला है। जसप्रीत बुमराह को भारत के तीनों फॉर्मेट की टीम में शामिल किया गया है।

गम्हरी को मिली लेम्प्स की सौगात विधायक ने किया उद्घाटन

कोंडागांव। बड़ेराजपुर ब्लॉक अन्तर्गत ग्राम गम्हरी को आदिम जाति सेवा सहकारी समिति मर्यादित लेम्पस शाखा की सौगात मिली। क्षेत्रीय विधायक संतराम नेताम ने आदिम जाति सेवा सहकारी समिति लेम्पस शाखा का उद्घाटन किया इसके। अलावा विधायक ने यहां बाजार स्थल का भी उद्घाटन किया। लंबे समय से गम्हरी एवं आसपास के कई पंचायतों से जुड़े ग्रामीण किसान ग्राम गम्हरी में लेम्पस शाखा खोलने की मांग कर रहे थे। यहां यह सौगात मिलने से आसपास के सैकड़ों किसानों को इसका लाभ मिलेगा। इसके पूर्व किसानों को 20 किलोमीटर की दूरी तय करके बड़े राजपुर जाना पड़ता था। अब किसानों का ऋण संबंधी एवं खाद वितरण आदि कार्य वहां हो पाएगा जिससे किसानों को बड़े राजपुर की लम्बी दूरी तय नहीं करना पड़ेगा। किसानों ने बताया कि ऋण एवं खाद के लिए उनको कई चक्कर लगाना पड़ता था जिससे किसान काफी परेशान थे। किसानों ने अपनी व्यथा को क्षेत्रीय विधायक संतराम नेताम से साल भर पुर अवगत कराया था तत्पश्चात विधायक ने इसे गंभीरता से लेते हुए उच्चाधिकारियों से चर्चा करके यहां लेम्पस की स्वीकृति प्रदान कराया गया जिससे क्षेत्रवासियों में काफी हर्ष दिखाई दे रहा है। उद्घाटन अवसर पर विधायक ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि वे स्वयं एक किसान परिवार से हैं जिससे वे किसानों की समस्या को अच्छी तरह समझते हैं। उनकी सरकार किसानों का एक-एक दाना धान खरीदेगी। धान खरीदी में किसानों को किसी प्रकार की तकलीफ न हो इसके लिए यहां सहकारी समिति की शाखा खोला जा रहा है। उन्होंने किसानों को सचेत करते हुए कहा कि विपक्षी लोगों के विपक्षी दल के लोगों के चक्कर में न आवे ये लोग किसानों को भड़काने का कार्य करते हैं। जब भाजपा की सरकार थी तो किसानों की व्यथा नहीं सुनी जा रही थी। कांग्रेस की सरकार आने के बाद किसानों का कर्ज माफ किया गया साथ ही धान का समर्थन मूल्य बढ़ाया गया। कांग्रेस सरकार हमेशा किसानों के हित में सोचती है। विधायक ने कहा कि गोधन न्याय योजना के जरिए ग्राम वासियों ,किसानों के अलावा समूह से जुड़ी महिलाओं को भी अच्छा लाभ मिल रहा है। लोग सुबह से ही गांव में गोबर बेचने गोधन न्याय योजना केंद्र में पहुंचते हैं तथा सरकार सीधे उनके खाते में पैसा डाल रही है। जिससे किसानों को अच्छा लाभ हो रहा है। आदिवासी नेता एवं ग्राम गमरी के पूर्व सरपंच दानी राम मरकाम ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्षेत्र में लेम्पस की शाखा खुलने से अनेक किसानों को इसका लाभ मिलेगा। जनपद उपाध्यक्ष श्यामा साहू ने कहा कि विधायक की सक्रियता के चलते ही गांव को लेम्पस की सौगात मिली है। कार्यक्रम का संचालन मोतीलाल राठौर ने किया। इस अवसर पर जिला पंचायत उपाध्यक्ष भगवती पटेल जिला पंचायत सदस्य तिहारीन मरकाम, संतोषी नेताम एवं क्षेत्र के कई सरपंच एवं जनप्रतिनिधि गण उपस्थित थे।

यादव समाज ने गोपाष्टमी पर्व मनाया

कांकेर। रविवार को जिला यादव समाज कांकेर के द्वारा गोपाष्टमी मनाया गया जिसमे अन्नपूर्णा पारा कांकेर मोखला मांझी कृष्ण मंदिर से पूजा अर्चना कर बाईक रैली से अन्नपूर्णा पारा से सेन चौक होते हुए पुराने बस स्टैंड से मेला भाठा कृष्ण सदन यादव भवन मेलाभाटा कांकेर मे लाया गया जहाँ भगवान श्री कृष्ण जी की स्थापना कर परंम्परागत पूजा अर्चना किया गया और खिचड़ी प्रसाद का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया एवं कलश सजाने एवं परामपरागत राऊत दोहे बोले गये तदोपरान्त इष्ट देव भगवान श्री कृष्ण जी का विसर्जन किया गया। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से संभागीय अध्यक्ष लतेल यादव, सचिव महेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष सुदामा यादव, सचिव ईश्वरी यादव, कांकेर शहर अध्यक्ष गिरधर यादव, पूर्व जिलाध्यक्ष त्रिभुवन शंकर यादव, शिवचरण,राजेश, योगेश, तुलसी, ईश्वर लाल, नरायण, वीरेन्द्र, राजु, किशन, मुन्ना, पुणेश्वर, रोहित, उत्तम, हेमन्त, प्रदीप,आकाश,निलेश, धनेश, सुरज, तरूण, छबिलाल, भंजन, दुलमत यादव, जानवी, गजेन्द्र, योगेश, दिनेश, पिलसाय, देवलाल, कुंजलाल, नरायण, बिनेश एवं समस्त मंडल के पदाधिकारी एवं समाजजन उपस्थित थे।समाज के सभी एवं उपस्थित जनो का शहर अध्यक्ष गिरधर यादव ने आभार व्यक्त किया। और कार्यकम समापन कि घोषणा की।

शराब दुकान के समीप से बाईक पार

महासमुंद। बागबाहारा के अंग्रेजी शराब दुकान के सामने से अज्ञात ने युवक की बाइक पार कर दी। जानकारी के मुताबिक आंवराडबरी निवासी हरीशचंद्र साहू पिता अवध राम साहू ने पुलिस को बताया कि वह बाइक क्रमांक सीजी 04 एच वाय 7566 से गुरूवार को शराब दुकान गया था। जिसे अज्ञात ने चोरी कर ली। शिकायत पर बागबाहरा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा ×79 के तहत जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है।

दो पक्षों में विवाद, जुर्म दर्ज

महासमुंद। बनसिवनी में शुक्रवार को दो पक्षों में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर टंगिए और रॉड से हमला कर दिया। सेवकराम टंडन ने बलदेव प्रसाद, तोषकुमार, तेजकुमार और आकाश कुमार पर गाली-गलौज करते हुए परिवार के लोगों पर टंगिए से हमला कर जान से मारने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। इधर, दूसरा पक्ष तोषकुमार ने सेवकराम टंडन, भगतलाल टंडन और रमन टंडन पर पुरानी रंजिश को लेकर गाली-गलौज करते हुए टंगिए और रॉड से हमलाकर घायल करने की शिकायत की है।

युवक से साढ़े तीन लीटर शराब बरामद

महासमुंद। तुमाडबरी बांध के पास शराब की अवैध बिक्री करते हुए पुलिस ने एक युवक को पकड़ा। जानकारी के मुताबिक लाफिनकला निवासी पूरन साहू पिता बुधराम साहू अवैध बिक्री कर रहा था जिसे पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पकड़ लिया। युवक के पास से ×.600 लीटर देशी प्लेन शराब कीमती 16 सौ रुपए जब्त कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

40 लाख की सीसी सड़कें, जांच कमेटी ने घटिया पाया फिर मूल्यांकन से किया इंकार, मगर कारवाई क्यों नहीं हो रही?

■ पूर्व सरपंच सत्ताधारी दल में सक्रिय हो पहुंच का करा रहे अहसास

नवप्रदेश संवाददाता

बिलासपुर । बिल्हा ब्लाक के भरारी ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनाओं के तहत लाखो रुपए की लागत से बनाए गए सी सी रोड का मूल्यांकन अधिकारी यह कहते हुए नहीं कर रहे है कि सड़क का निर्माण घटिया है और सड़क बनाने वाले सरपंच जो अब भूतपूर्व हो चुके है का कहना है कि मूल्यांकन करने के लिए अधिकारी रुपयों की मांग करते है जबकि आर ई इस विभाग द्वारा सड़क को अमानक स्तर और गुणवत्ता विहीन होने के कारण अमान्य कर दिया गया है वहीं बिल्हा जनपद पंचायत ने सरपंच (पूर्व)को दस लाख रुपए अग्रिम लेने पर वसूली के लिए नोटिस तो जारी किया मगर नोटिस के महीनों बाद भी वसूली के लिए पुख्ता कारवाई नहीं की जा रही है। सवाल उठता है कि कहीं पूर्व सरपंच कही राजनैतिक रसूख का फायदा तो नहीं उठा रहा ?

बिल्हा जनपद पंचायत अंतर्गत एक ग्राम पंचायत है ÷भरारी ÷ जहां एक सरपंच हुआ करते थे विनय शुक्ला । अब ये भूतपूर्व हो चुके है और इन दिनों सत्ताधारी दल के कार्यक्रमों ,मंत्रियों के दौरे आदि में काफी व्यस्त और सक्रिय रहते है ।इस महानुभाव द्वारा अपने सरपंच कार्यकाल के दौरान अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण मद से सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए ,राज्य विकास प्राधिकरण मद से सीसी रोड निर्माण के लिए 10 लाख रुपए ,ग्राम पंचायत समग्र विकास योजना से 2.6 लाख रुपए प्रति नग के हिसाब से 7 नग सी सी रोड निर्माण के लिए(कुल स्वीकृति 18.20 लाख रुपए) मंजूर करवाया ।राज्य शासन द्वारा उक्त तीनों योजनाओ से लगभग 40 लाख रुपए के सीसी रोड की स्वीकृति दी गई थी।

तत्कालीन सरपंच विनय शुक्ला ने 9 सीसी रोड का काम 10 माह पहले पूरा कराया मगर सीसी रोड का काम गुणवत्ता विहीन होने के कारण सम्बन्धित इंजीनियरों द्वारा। मूल्यांकन ,सत्यापन करने से इंकार कर दिया गया । विनय शुक्ला ने इस पर आरोप लगाया कि अधिकारी मूल्यांकन के एवज में पैसे की मांग कर रहे जिस पर अधिकारियों ने सड़क की गुणवत्ता देखने जांच कमेटी बना दी । जांच कमेटी ने भी सड़क को घटिया होना पाया है । सभी सड़के कुछ माह में ही उखड़ने लगी है ।सीमेंट कम रेती ज्यादा होने के कारण सड़के टिकी नहीं।

इसी बीच ग्राम पंचायत के चुनाव हुए और सरपंच का पद आरक्षित होने के कारण विनय शुक्ला पंच का चुनाव लडे मगर वे चुनाव हार गए और वे पंचायत से मुक्त हो गए ।अब उनके द्वारा बनवाए गए घटिया सड़को को लेकर रार मचा है ।ग्राम पंचायत के वर्तमान उपसरपंच ,पंच तथा ग्राम वासियों द्वारा गुणवत्ता विहीन बनाए गए सीसी रोड की जानकारी देकर अधिकारियों से सीसी रोड के काम को निरस्त करने की मांग कई महीनों से की जा रही है तो दूसरी तरफ भूतपूर्व सरपंच द्वारा सत्ताधारी दल के कार्यक्रमों में सक्रिय हो अप्रत्यक्ष रूप से अहसास कराने की कोशिश की जा रही है कि उनकी राजनैतिक पहुंच है इसलिए मूल्यांकन सत्यापन बिना जांच के आंख मूंद करके कर दिया जाए ।

इधर बिल्हा जनपद पंचायत ने पूर्व सरपंच विनय शुक्ला को सीसी रोड निर्माण के लिए अग्रिम राशि जो 10 लाख रुपए लिया गया है उसके लिए नोटिस महीनों पहले जारी किया था मगर वसूली के लिए कोई प्रयास नहीं किया जा रहा ।इस बारे में बिल्हा जनपद पंचायत के सी ई ओ बी आर वर्मा का कहना है कि जनपद पंचायत ने पूर्व सरपंच को नोटिस तो जारी किया था और यदि पूर्व सरपंच सीसी सड़को का मूल्यांकन ,सत्यापन प्रस्तुत कर देता है तो ठीक है । मूल्यांकन की सत्यापित व प्रमाणित कापी पेश करने पर ही मामला ख़तम होगा और यदि सड़के गुणवत्ता विहीन होगी तो मूल्यांकन नहीं हो पाएगा ।इस बारे ज्यादा जानकारी ग्रामीण यांत्रिकी विभाग के अधिकारी ही बता पाएंगे क्योंकि जांच टीम में वहीं लोग थे।

इस तरह सीसी सड़के चकाचक है या घटिया इसे तय करने में ही महीनों हो चुका और जांच में अधिकारी यदि सड़को को घटिया पाया है तो दोषी के खिलाफ कार्रवाई में देर क्यों हो रही है और यदि पूर्व सरपंच के कथना नुसार सड़के अच्छी बनी है तो मूल्यांकन में देरी क्यों?इस गड़बड़ झाले को जिला प्रशासन और जिला पंचायत को देखना चाहिए ताकि शासन के लाखो रुपए के दुरुपयोग को रोका जा सके ।

बेमेतरा लोक निर्माण विभाग में सौंदर्यीकरण के नाम पर किया जा रहा भारी घोटाला : नीतू कोठारी

■ जय स्तंभ चौक निर्माण में 7 लाख 18 हजार की स्वीकृत काम का अता-पता नहीं सूचना के अधिकार से मिली जानकारी

बेमेतरा। लोक निर्माण विभाग में निविदा प्रपत्र 1/9/2020 के अनुसार बेमेतरा शहर के भीतर सड़क सौंदर्यीकरण के नाम पर भारी घोटाला की आशंका हो रही है जबकि शासन ने शासकीय कन्या हाई स्कूल से होते हुए जय स्तंभ चौक, कलेक्टर बंगला होते हुए पुराना बस स्टैंड सिग्नल चौक से दुर्ग रोड गस्ती चौक से शीतला मंदिर और सिंघौरी तालाब तक के लिए तकरीबन 36 लाख 46 हजार रुपए स्वीकृत की है, जबकि कार्य सड़क में पूर्व से बने डिवाइडर के बीच पुराने विद्युत खंभों में ही लाइटिंग की व्यवस्था करके राशि की गड़बड़ी की गयी।

प्राप्त निविदा पपत्र के अनुसार शासकीय कन्या हाई स्कूल से कलेक्टर बंगला के पास तक सौंदर्यीकरण के लिए 6 लाख 92 हजार रुपये, यही नही इसी मार्ग के मध्य में बने जय स्तंभ चौक के आसपास के नाम पर 7 लाख 18 हजार रुपये स्वीकृत किया गया है, जबकि शासकीय कन्या हाई स्कूल से कलेक्टर बंगला के लिए अलग राशि स्वीकृत है। ऐसा लगता है कि एक जगह के लिए अलग अलग नाम से राशि स्वीकृत करा ली गयी हो। यही नही पुराना बस स्टैंड से गस्ती चौक तक के लिए 7 लाख 13 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुआ है इसके बाद वार्ड नम्बर 16 मेन रोड दुर्ग की ओर सौंदर्यीकरण के लिए 7 लाख 57 हजार पुनः सड़क सौंदर्यीकरण के लिए, शीतला मंदिर चौक से आसपास के लिए 7 लाख 66 हजार रुपये इस तरह से कुल 36 लाख 46 हजार रुपये की राशि स्वीकृत हुई। जबकि सड़क सौंदर्यीकरण के नाम

पर सड़क में कोई खास काम नहीं किया गया है। जबकि पूर्वर्ती भाजपा सरकार के द्वारा सड़क के बीचो-बीच बने डिवाइडर में लगे विद्युत पोल में ही विद्युत झालरों को लगाकर छोड़ दिया गया है इसके अलावा शासकीय कन्या हाई स्कूल के आसपास पुराने पेड़ों को रंग पेंट कर तथा सिविल लाइन की दीवारों में भित्ति चित्र बनाकर सौन्दर्यीकरण का स्वरूप दे दिया गया लोक निर्माण विभाग बेमेतरा से निर्माण कार्य में भारी घोटाले की जानकारी मिली है इस संबंध में विभाग के उच्च अधिकारियों से जानकारी ली गई मगर जवाब देने से कन्नी काट लिए।

नगर सौन्दर्यीकरण के नाम पर ही नही बल्कि लोक निर्माण विभाग के माध्यम से केवल सड़क किनारे घास फूस और लोहे का ग्रिल लगाकर छोड़ दिया गया है पुराने पेड़ों की डंगाली काटकर उसे व्यवस्थित कर गार्डन का स्वरूप दे दिया गया तथा काम पूरा होने का पलीता लगाया गया, जबकि बेमेतरा लोक निर्माण विभाग के माध्यम से सौंदर्यीकरण के नाम पर लाखों रुपए का घोटाला किया गया हैं। इस मामले को राजनीतिक रूप से रंग देकर दबाने का भी प्रयास किया जा रहा है, साथ ही इसकी शिकायत उच्च अधिकारियों को की जाएगी, साथ ही सभी मामले को लेकर हाई कोर्ट भी जाऊंगी।

अमेरिका एवं ब्रिटेन में बिक रहा है गोबर का दिया : महामंडलेश्वर

कवर्धा(नवप्रदेश)। शनिवार को छत्तीसगढ़ राज्य गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष माननीय महामंडलेश्वर राजेश्री डॉ. महंत रामसुंदर दास जी महाराज पीठाधीश्वर दूधाधारी मठ रायपुर (केबिनेट मंत्री का दर्जा प्राप्त) कवर्धा दौरा पर रहे, इस दौरान उन्होंने क्षेत्र के अनेक गौशाला का निरीक्षण किया, दौरा कार्यक्रम में जिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष नीलू चंद्रवंशी,महिला कांग्रेस अध्यक्षा गंगोत्री योगीजी, जिलाउपाध्यक्ष ईश्वर शरण वैष्णव, वरिष्ठ कांग्रेसी मुकुंद माधव कश्यप, युवा कांग्रेस अध्यक्ष आकाश केशरवानी, पारस बंगानी जी, महेश चंद्रवंशी जी, राजेश मंखिजानी संजू तिवारी, रामकुमार ठाकुर, स्वतंत्र सिंग घनश्याम साहू, सीताराम पटेल, कन्हैया यादव, गुरुदत्त शर्मा, पालेश्वर चंद्राकर, पालन बैस मोहन अग्रवाल डॉ गोराज, प्रशांत परिहार, विद्या साहू युवानेता .ष्णा कुमार नामदेव, भुनेश्वर पटेल,गौ सेवा आयोग के अधिकारीगण एवं स्थानीय कार्यकर्ता एवं अन्य लोग उनके साथ रहे, इस दौरान उन्होंने सर्किट हाउस कवर्धा में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठजनों एवं अधिकारियों से मुलाकात की साथ ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने उन्हें पुष्पगुच्छ एवं श्रीफल भेंट कर सौजन्य मुलाकात किया, तत्पश्चात वह श्री राधा माधव गौ सेवा समिति कवर्धा ग्राम छापरी विकासखंड बोड़ला जिला कबीरधाम छत्तीसगढ़ पहुंच कर गौशाला का निरीक्षण किये और वहां उपस्थित गौ सेवा समिति के पदाधिकारियों से मुलाकात की, उसके पश्चात ग्राम पंडरिया के वार्ड नंबर 15 में स्थानीय कार्यक्रम मैं सम्मिलित होकर गौशाला का निरीक्षण किया, जिसके पश्चात वे श्री .ष्ण गोपाल गौशाला गौरकापा दुल्लापुर पंडरिया के गोपाष्टमी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए एवं स्थानीय गौशाला का निरीक्षण किया साथ ही गौ माता की पूजा कर उन्हें फल खिलाया एवं आशीर्वाद लिया, जिसके बाद वे केशव गौशाला लोहरा पहुंच कर स्थानी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए जिसमें पहले से ही उपस्थित विधायक पंडरिया श्रीमती ममता चंद्राकर एवं सांसद संतोष पांडे से मुलाकात किए एवं जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष नीलकंठ चंद्रवंशी एवं कार्यकर्ताओं के साथ गौशाला का निरीक्षण करने पहुँचे एवं सयुंक्त रूप से सभी ने एकसाथ गौमाता की पूजा किये एवं फल खिलाकर आशीर्वाद प्राप्त किये, और ग्राम अगरीकला वि. ख. कवर्धा के पारिवारिक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए द्यराजेश्री महन्त जी महाराज के काफिले का जगह-जगह पर लोगों ने आतिशबाजी के साथ मोटरसाइकिल रैली निकालकर भव्य स्वागत किया इस बीच अनेक स्थानों पर गौशाला समिति के सदस्यों एवं आम जनता को अपना आशीर्वचन प्रदान करते हुए राजेश्री महन्त जी महाराज ने पूछा कि आप लोगों को पैरा जलाने से क्या फायदा है?

भाजपा प्रशिक्षण शिविर के सम्बन्ध में बैठक आज

बेमेतरा। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर अखिल भारतीय मण्डल स्तरीय प्रशिक्षण योजना के तहत जिले के सभी मंडलो में प्रशिक्षण शिविर आयोजन की तैयारियों के सम्बंध में जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी के निर्देशानुसार भाजपा जिला कार्यालय बेमेतरा में 23 नवंबर सोमवार को दोपहर 2 बजे बैठक आहूत की गई है। जिसमें बैठक के प्रभारी के रूप में प्रदेश मंत्री नीलू शर्मा उपस्थित रहेंगे।

उपरोक्त जानकारी देते हुए भाजपा जिला महामंत्री विकास धर दीवान ने जिले से सम्बंधित भाजपा के समस्त प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी, समस्त मोर्चाओं के जिला पदाधिकारी, जिला पंचायत सदस्यगण, सभी मंडलो मंडल अध्यक्षगण, जनपद/नगर पालिका/नगर पंचायत के जनप्रतिनिधिगण, मण्डल संयोजक व सह संयोजक, प्रदेश से प्रशिक्षण प्राप्त वक्तागण एवं जिले के वरिष्ठ नेताओं की बैठक में उपस्थिति की अपील की है ।

देश हित में किए गए कार्य और उपलब्धियों को किया याद

कवर्धा(नवप्रदेश)। प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी कवर्धा के अध्यक्ष फूलों देवी नेताम के निर्देशानुसार जिला महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष श्रीमती गंगोत्री योगी के नेतृत्व में पूर्व प्रधानमंत्री आयरन लेडी स्व. श्रीमती इंदिरा गांधी की

जयंती मनाया गया जिसमें उनके चलचित्र पर माल्यार्पण कर उनके देश हित में किए गए कार्य और उपलब्धियों को याद करते हुए भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की गई इस अवसर पर महिलाओ का नाम श्रीमती गंगोत्री' 'योगी जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष तारनी ठाकुर, श्रीमती पार्वती सोनी,श्रीमती ,रामेस्वरी लाल जी चंद्रवंशी मुकुंद माधव कश्यप ईश्वर शरण वैष्णव टिकेश्वर साहू मुकेश झारिया लेखा राजपूत रसपाल साहू .ष्णा साहू आदि महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे

प्रथम पृष्ठ का शेष...

उम्मीद है कि विधेयक पर...

लेकर उन्होंने कहा कि बहुत सारे विषय हैं, विधानसभा भी है, और उसकी तैयारी के संबंध में चर्चा होगी। धान खरीदी को व्यवस्था के संदर्भ में कैबिनेट बैठक में चर्चा की जाएगी। 1 दिसंबर से धान खरीदी होने वाली है। सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि कोरोना भी जिस प्रकार से पूरे देश में बढ़ रहा है, उस पर भी चर्चा होगी, वैसे तैयारी तो लगातार चल रही रहे हैं। कोरोना के बढ़ते मामलों पर सीएम भूपेश ने कहा, प्रदेश में कोरोना के मामले लगातार बढ़ रहे हैं, सुरक्षा की व्यवस्था शासन की ओर से हो रही है। लेकिन आम जनता से भी यही अपील है कि जो उसके प्रोटोकॉल है उसका पालन करें।

विमानतलों में होगी...

लाइन के अनुसार कोरोना स्क्रीनिंग संबंधित निर्देशों का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। यह निर्देश देश में कोरोना संक्रमण प्रभावित व्यक्तियों की संभावित वृद्धि को देखते हुए जारी किया गया है।

दाऊ कल्याण सिंह की जमीन...

जमीनों को राजसात करते हुए कलेक्टर को सूचित करने का निर्देश दिया। राजस्व मण्डल ने उच्च न्यायालय के द्वारा दिनांक 13 सितम्बर 2017 को भेजे गए इस प्रकरण के गुण दोष के आधार पर निराकरण करते हुए फैसला सुनाया है। इस फैसले के बाद पुरे क्षेत्र में खलबली मच गई है । दाउ कल्याण सिंह निःसंतान थे। मृत्यु उपरांत उनकी पत्नियां- स्वर्गीय जनकनंदनी व स्वर्गीय सरजावती के नाम से धारित भूमि के बारे में यह फैसला आया है। मंडल ने अपने फैसले में हस्तांतरित किये गये वसीयतनामे को भी विधि विपरीत माना। फैसले के बाद इस वसीयतनामे के आधार पर बेची गई जमीनों के मालिक अब परेशान हैं।

दफ्तरों, कोर्ट में अब तक ऐसे चला मामला

-1983 में राजसात हो गई थी जमीन

दोनो पत्नियों की मौत के बाद माल जमादार ने 1983 में इस जमीन को राजसात कर लिया था। इस पर अशोक कुमार अग्रवाल ने आपत्ति करते हुए दावा किया था कि स्वर्गीय सरजावती ने उनके पिता स्व. राममूर्ति अग्रवाल को वारिस बनाया था, पर इसके प्रमाण के रूप में अशोक ने केवल फोटोकापी पेश की। उसके मूल दस्तावेज नहीं दिये। इस चुनौती को तहसीलदार ने खारिज कर दिया। इसके बाद मामला अनुविभागीय अधिकारी के न्यायालय तक गया वहां भी खारिज हुआ। उन न्यायलयों ने कहा कि वसीयतनामे की केवल फोटोकॉपी है।

अचानक दस्तावेजो में नाम -

इसी बीच एक राजस्व निरीक्षक व्दारा नामांतरण पंजी में 1 जनवरी 1985 को सभी राजसात की गई भूमियों को सरजावती के स्थान पर राममूर्ति

अग्रवाल के नाम पर नामांतरण करा लिया गया। नामांतरण पंजी में राममूर्ति के आम मुख्तियार के रूप में अनुपकुमार अग्रवाल का नाम दर्ज है। उक्त नामांतरण के खिलाफ शांतिबाई ने न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी के समक्ष चुनौती दी। एसडीएम कोर्ट अपर आयुक्त रायपुर ने भी 1984 की पूर्व स्थिति बहाल करने के आदेश दिये। इसी बीच उनके वंसजों द्वारा अपर आयुक्त के आदेश के विपरीत तहसीलदार न्यायालय से समस्त राजसात भूमियों को अपने पिता राममूर्ति अग्रवाल के नाम करा लिया गया तथा पिता राममूर्ति अग्रवाल से वसीयत प्राप्त कर अनुपकुमार वगैरह के नाम पर दर्ज करा लिया।

हाईकोर्ट ने राजस्व मंडल को कहा था निराकरण करने :

जनहित याचिका के तहत माननीय उच्च न्यायालय में वर्ष 2017 में नितिन आहूजा वगैरह ने चुनौती दी। उच्च न्यायालय ने राजस्व मंडल को केस का निराकरण करने को कहा था। राजस्व मंडल ने आदेश में कहा कि जनकनंदनी एवं सरजावती के व्दारा एक ट्रस्ट का निर्माण वर्ष 1959में किया जाना था एवं ट्रस्टी के रूप में राममूर्ति को दर्शाया गया है। राममूर्ति की मृत्यु के बाद महज एक शपथ पत्र के बाद ट्रस्ट की समस्त भूमियां अनुप कुमार वगैरह के नाम पर हस्तांतरित कर दी गई जो विधि विपरीत है।

हरकत में दिखनी...

जुआ, सट्टा के संभावित ठिकानों पर नियमित चेकिंग करने तथा अद्यतन अपराधियों पर निगरानी रखने सुझाव दिया।

छग-महाराष्ट्र में...

होने वालों की संख्या 85.21 लाख से अधिक हो गयी है। जबकि 501 और मरीजों की मौत के साथ ही मृतकों का आंकड़ा बढ़कर 1,33,227 हो गया है। देश में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या में 1215 की वृद्धि के बाद अब सक्रिय मामले घटकर 4,40,962 हो गए है।

अमेरिका में कोरोना से...

किए गए ताजा आंकड़ों के मुताबिक अमेरिका में कोरोना से मरने वालों की संख्या 2,55,804 पहुंच गयी है जबकि संक्रमितों की संख्या 1,20,85,389 हो गयी है। अमेरिका का न्यूयॉर्क, न्यूजर्सी और कैलिफोर्निया प्रांत कोरोना से सबसे बुरी तरह प्रभावित है।

चीन के किसी भी...

के लिए भारतीय सेना ने सुरंगें बनाई हैं। 29-30 अगस्त को भारतीय सेना के जवानों ने स्पेशल फ्रंटियर फोर्स (एसएफएफ) के साथ मिलकर एलओसी पर पैंगोंग सो की दक्षिणी पहाड़ियों पर कब्जा कर लिया था। चीन की तमाम कोशिशों को नाकाम करते हुए जवानों ने ऊंचाइयों पर तैनात हो गए थे। वहीं, जब चीनी मीडिया ने प्रोपेगेंडा फैलाने के लिए माइक्रोवेव हथियारों के इस्तेमाल की फर्जी कहानी बनाई तो उसे फौरन ही भारतीय सेना ने फेक न्यूज भी करार दिया।

जवानों के लिए...

है और जवानों के लिए शेल्टर्स का काम कर सकते हैं। वहीं, दूसरी ओर भारत और चीन के बीच बाकी जगहों से सैनिकों की वापसी को लेकर सैन्य कमांडर स्तर की नौवें दौर की वार्ता होने वाली है। लेकिन, इसके बावजूद भी भारत ने किसी भी घुसपैठ से बचने के लिए पूरी तैयारी की है।

जापानियों के खिलाफ...

बैलिस्टिक मिसाइल सबमरीन के लिए अंडरग्राउंड पेन के लिए टनल शेल्टर बनाए हैं।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर कुबेर प्लाजा शॉप नं. 226 सेकंड फ्लोर लिंक रोड बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- रविशंकर शुक्ला*
RNI NO.CHHHIN/2015/62431, डाक पंजीयन क्रमांक जी.2-112/सी.जी./बी.एल.पी./108/2020-2022, email: navpradesh@gmail.com, फोन व फैक्स : 07752-400878

नहीं खुलेंगे विद्यालय, मीडिया में फैली झूठी जानकारी ने सबको किया परेशान

नवप्रदेश संवाददाता

केशकाल। विभागीय समसंख्यक पत्र दिनांक 20/10/2020 के संदर्भ में छत्तीसगढ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग के पत्र क्रमांक एफ 1-2/2020/1-5 नवा रायपुर दिनांक 09/11/2020 द्वारा सभी अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव छ.ग. शासन समस्त विभाग व समस्त विभागध्यक्ष नवा रायपुर अटल नगर एवं रायपुर को प्रेषित पत्र के अनुसार मंत्रालय एवं विभाध्यक्ष कार्यालयों में कोविड 19 की जगह से अधिकारियों की उपस्थिति शत प्रतिशत एवं शेष कर्मचारियों की उपस्थित सप्ताहिक रोस्टर के हिसाब से 50 प्रतिशत उपस्थिति से कार्य करने हेतु निर्देश जारी किया गया था। जिसमें कहा गया कि वर्तमान में राज्य में अनलॉक 6 की प्रक्रिया जारी है, जिसे ध्यान में रखते हुये मंत्रालय एवं विभागाध्यक्ष कार्यालयों में कार्य संचालन के दृष्टिकोण से सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की उपस्थिति शत प्रतिशत करते हुये उनके द्वारा कार्य संचालित किया जाए उक्त व्यवस्था दिनांक 17 नवम्बर 2020 से प्रभावशील

होगा इस हेतु आदेशित किया है। जैसा कि विदित है कि कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम हेतु सोशल डिस्टेडिंग अनिवार्य है, इसलिए अधिकारियों/कर्मचारियों को आग्राह किया जावे कि यथा संभव निजी वाहनों से ही कार्यालय आवें क्योंकि बस से सोशल डिस्टेडिंग बनाए रखना व्यवहारिक नहीं हो पाएगा। अतः पुनः उल्लेख किया जाता है, कि यथासंभव अधिकारी/कर्मचारी निजी वाहनों से ही कार्यालय पहुँचे जो वर्तमान परिदृश्य से सबके लिए हितकर रहेगा साथ ही कोविड 19 से बचाव/रोकथाम हेतु शासन द्वारा सयम-समय पर जारी किए दिशा निर्देशों का भी पालन कराया जाना सुनिश्चित करें। सामान्य प्रशासन विभाग छ.ग. शासन द्वारा जारी आदेश में दिया गया है। जिसकी प्रतिलिपि शासन के समस्त विभाग व अध्यक्ष राजस्व मंडल छ.ग. बिलासपुर को भी प्रेषित की गयी परन्तु कुछ जिले के शिक्षा अधिकारियों ने 17 नवम्बर के बाद कार्यालय व शिक्षा संस्थान को भी शत प्रतिशत संचालित किए जाने के मार्गदर्शन के साथ ही मीडिया में जानकारी दे दी परिणाम शिक्षको में यह अफ़वाह फैल गयी कि 17 नवंबर से विद्यालय जाना ही होगा परन्तु पुनः यह आदेश प्रसारित होने से की यह आदेश विभागाध्यक्ष व मंत्रालय में लागू होगा तब शिक्षक समुदाय के साथ पालक संघ ने भी राहत की सांस ली आज भी कोरोना पूर्ण तया समाप्त नहीं हुआ है केंद्र सरकार ने अनलॉक 6 में स्कूल व कालेज को प्रारम्भ किये जाने का अधिकार दिया वैसे ही सबसे पहले आंध्रप्रदेश में विद्यालय पूर्ण तया प्रारम्भ कर दिये गए जहाँ 3दिवस के भीतर में कोरोना ने सोशल डिस्टेंस के टूटते ही विस्फोट कर दिया और 226बच्चे व 106 शिक्षक कोरोना संक्रमित हो गए। उसके बाद किसी भी राज्य ने फिर विद्यालय प्रारम्भ करने की योजना नही बनायी है इसको ही ध्यान में रखते हुए माध्यमिक शिक्षा मंडल ने सितम्बर से फरवरी के बीच 6 असाइमेन्ट लेने का कार्यक्रम तय किया और कहा कि कुल 4 असाइमेन्ट में शामिल होकर उतीर्ण होना अनिवार्य है अतः जब शिक्षा मंडल ने यह योजना पहले ही तैयार कर ली तो विद्यालय फरवरी तक प्रारम्भ किये जाने की संभावना खत्म हो जाती है रही बात 36गढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कक्षा दसवीं व बारहवीं बोर्ड परीक्षा के फार्म 15 दिसम्बर व 31 दिसम्बर तक आन लाइन फार्म भरने की तिथि घोषित कर उसकी भी तैयारी आन लाइन ही प्रारम्भ कर दी है। अतः जब तक सरकार बच्चो को शिक्षको को पूर्ण सुरक्षा, निःशुल्क टेस्ट, निःशुल्क बीमा व होनी घटना से उचित मुआवजा घोषित नही करती है तब विद्यालय नही खोले जाए तो हम सबके लिए बेहतर होगा।

इंडोर स्टेडियम में जिला बैडमिंटन संघ किया दीपावली मिलन समारोह का आयोजन

कोंडागांव। जिला मुख्यालय बड़ेकनेरा रोड कोंडागांव में स्थित इंडोर स्टेडियम में जिला बैडमिंटन संघ के द्वारा दीपावली मिलन समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि एवं संघ के संरक्षक पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी, संघ के पदाधिकारी एवं जिले के समस्त खिलाड़ियों की उपस्थिति में संपन्न हुआ। संघ के पदाधिकारीयों द्वारा बताया गया कि संघ के गठन का उद्देश्य ही जिले में बैडमिंटन खिलाड़ियों के खेल का स्तर बढ़ाना एवं इसके प्रति लोगों में रूचि बढ़ाना है। ताकि कोंडागांव जिले के खिलाड़ी भी राज्य स्तरीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेलकर जिले का नाम रोशन करें। साथ ही साथ अपनी सेहत के प्रति जागरूक हो। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि सिद्धार्थ तिवारी पुलिस अधीक्षक कोंडागाँव के द्वारा संघ को इसके लिए बधाई दी गई, एवं समिति द्वारा किए जा रहे खेल को बढ़ावा देने के प्रयास की सराहना की गई। समिति द्वारा आगामी दिनों में प्रशिक्षण का कार्यक्रम रखने का निर्णय लिया गया है, उक्त कार्यक्रम में जिले के सभी बैडमिंटन खिलाड़ियों की उपस्थिति रही। विदित हो कि जिले में राष्ट्रीय स्टेडियम बनने के बाद से ही इसके रखरखाव एवं संचालन के लिए संघ की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। इसके लिए तत्कालीन कलेक्टर नीलकंठ टीकाम के मार्गदर्शन में संपन्न कराया गया था। कार्यकारिणी एवं पदाधिकारी का चुनाव भी किया गया था। जिसमें पदेन जिला कलेक्टर संरक्षक, पदेन पुलिस अधीक्षक संरक्षक, पदेन मुख्य कार्यपालन अभियंता नगर पालिका संरक्षक, तरुण गोलछा संरक्षक, डॉ कुंवर सीएमएचओ संरक्षक, हरीश गोलछा अध्यक्ष, आशीष लालवानी उपाध्यक्ष, सनी खानी उपाध्यक्ष, निर्मल साहू सचिव, सौरभ मढ़ामे सहसचिव, कौशल नेताम कोषाध्यक्ष। कार्यकारिणी में हेमंत भगत, नवीन जैन, डॉ देवेश राठी, बसंत पारक, नितिन ठाकुर, नवीन विश्नोई, रामेश्वर यादव, दीपक विनोद, दीपक रावटी है।

डढ़सेना कलार समाज ने मनाया सहस्त्रबाहू जयंती

कोण्डागांव। भगवान राजेश्वर भगवान सहस्त्राहू अर्जून की जंयती डढ़सेना कलार समाज के लोगों ने आलबेड़ा में विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर मनाई। समाज प्रमुखों ने भगवान सहस्त्रबाहू के विषय में अपनी बात रखते हुए कहा कि, इनकी जयंती क्षत्रीय धर्म की रक्षा एवं सामाजिक उत्थान के लिए मनाई जाती है। सहस्त्रबाहू अर्जून की जंयती हर साल कार्तिक शुक्लपक्ष की सप्तमी तिथि को मनाया जाता है, सहस्बाहू की कथाएं महाभारत, वेदों के सभी पुराणों में प्रयः पाई जाती है। भगवान सहस्त्रबाहू का जन्म श्रवण नक्षत्र में प्रताःकाल के मुर्हूत में होना बताया जाता है। सहस्त्रबाहू को भगवान विष्णु का 24वां अवतार माना जाता है। ऐसी मान्यता है कि, सहस्त्रबाहू अपने युग के एकमात्र राष्ट्रभक्त, युगपुरूष ही नहीं बल्कि धर्मनिष्ठ एवं शौर्यवान थे। उन्होंने साक्षत भगवान के अवतार दत्तात्रेय को अपना गुरू मानकर अपनी शिक्षा-दीक्षा के साथ धनुविद्या का गुण उनसे ही सीखा था। इस दौरान समाज से जुड़े लोग मौजूद रहे।

अशासकीय जेल संदर्शकों की नियुक्ति- वैष्णव, जायसवाल, साहू की नियुक्ति

मुंगेली। छत्तीसगढ़ राज्य के जेलों में अशासकीय जेल संदर्शकों की नियुक्ति की गई है। 05 केन्द्रीय जेल, 13 जिला जेल एवं 15 उपजेलों में कुल 88 अशासकीय जेल संदर्शकों की नियुक्ति के संदर्भ में राज्य शासन द्वारा

अधिसूचना जारी की गई है। प्रदेश के गृह व जेल मंत्री ताम्रध्वज साहू ने इस विषय में कहा कि इससे जेलों के संचालन में सहयोग मिलेगा। केन्द्रीय जेल, रायपुर सहित मुंगेली जिला के जेल में संचालन समिति के सदस्यों के रूप में पूर्व पार्षद परिष्ठ कांग्रेसी संजय जायसवाल, वरिष्ठ पार्षद अरविन्द वैष्णव, पूर्व सभापति जिला पांचायत एवं सरपंच लोकराम साहू, की नियुक्ति जेलों में अशासकीय संदर्शक के रूप में की गई है। इस नियुक्ति पर पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष थानेश्वर साहू, अर्जुन तिवारी, राकेश पात्रे, राजेन्द्र शुक्ला, सागर सिंह बैंस, घनश्याम वर्मा आत्मा सिंह क्षत्रिय, श्याम जायसवाल, अनिल सोनी, चुरावन मंगेशकर, सोनू चन्द्राकर, हेमेन्द्र गोस्वामी, संजीत बनर्जी, चन्द्रभान बारमते, दुर्गा बघेल, दिलीप बंजारा, रूपलाल कोसरे, रोहित शुक्ला, रामकुमार साहू, श्रीमती ललिता सोनी, नूरजहा बेगम, जागेश्वरी वर्मा, कौशल सिंह क्षत्रिय, सोम वर्मा, ऐजाज खोखर, राहुल कुर्रे, मकबूल खान, उमेश घृतलहरे, रमेश यादव सहित बड़ी संख्या में कांग्रेसियों ने नियुक्त सदस्यों को बधाई देते हुए हर्षव्यक्त किया गया।

निधन

भैरूदान छाजेड़

मुंगेली। नगर के प्रतिष्ठित व्यपारी एवं चेम्बर आफ कार्मस के पूर्व अध्यक्ष भैरूदान छाजेड़ 57 वर्ष का शनिवार 21 नवंबर शाम को देहावसान हो गया। वे कुशल छाजेड़ के बड़े भाई थे। उनका अंतिम संस्कार 22 नवंबर को मारवाड़ी मुक्ति धाम किया जायेगा।

परंपरागत कला विलुप्ति के कगार पर

लघु उद्योग को जीवित रखने भारी मशक्कत करनी पड़ रही, बांस नहीं उपलब्ध होने की दशा में

मुंगेली। बांस से सुपा, टुकना, डाला, हांथ पंखा जैसे घरेलू उपयोगी वस्तुएं बनाकर जीवन यापन करने वाले बंसोड़ परिवारों को इस लघु उद्योग को जीवित रखने भारी मशक्कत करनी पड़ रही है। क्योंकि अब उन्हें सरकारी डिपों से पिछले कुछ सालों से सही दर व सही किस्म के बांस ही उपलब्ध नहीं हो पा रही है। जिससे वे गांव-गांव भटककर स्वयं से बांस की व्यवस्था कर इस कला को जीवित रखे हुए है।

इधर डिपो से बंसोड़ के हिस्से में जानी वाली बांस घरेलू निर्माण कार्यो सहित टेंट हाउस के कार्यो हेतु उपयोग की जा रही है। जिसका मलाल गरीब निरक्षर बंसोड़ परिवारों को है। ब्लाक अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में ऐसे दर्जनों बंसोड़ परिवारों को है। ब्लाक अंतर्गत विभिन्न ग्रामों में ऐसे दर्जनों बंसोड़ परिवार है जो बांस से आकर्षक वस्तु निर्माण की इस कला को शासन की अपेक्षा के बाद भी जीवित रखे हुए है। डिपो से ही कीमत में बांस नहीं उपलब्ध होने की दशा में ये सपरिवार एक गांव से दूसरे गांव तक जाकर किसी के आंगन अथवा घर के परछी में रहकर वही से बांस की व्यवस्था कर उससे सामान बनाते है और औने-पौने दाम में बेचकर अपना तथा अपने परिवार के लिए दो जून की रोटी की जुगाड़ करते है।विदित हो कि छत्तीसगढ़ राज्य में बांस से विभिन्न घरेलू उपयोगी सामानों यथा सुपा, टुकना, झउहा, पर्रा, बिजना, हाथ पंखा आदि बनाने की अपनी एक विशिष्ट परंपरा और कला वर्षा से चली आ रही है। इस कलाकरी युक्त व्यवसाय जो कि अब मजदूरी का रूप ले चुका है, को बंसोड़ परिवार वर्षो से करते आ रहे है।हालांकि शासन अपने स्तर पर इन बंसोड़ परिवारों को उनके निर्माण कार्यो के लिए उचित कीमत में सही क्वालिटी की बांस

उपलब्ध कराने के दावे जरूर करती है। मगर जमीनी हकीकत कुछ और ही है। नगर के पड़ावपारा सारथीपारा में बंसोड़ परिवार निवासरत है जो कुछ साल पहले तक डिपो से मिले बांस से घर में ही बाजार के मांग के अनुरूप सामनों का निर्माण करते थे और साप्ताहिक बाजार में उसे बेचकर आय प्राप्त करते थे। इस परिवार के एक सदस्य 40 वर्षीय संतराम बंसोड़ ने बताया कि शासन द्वारा उन्हें एक पर्ची बनाकर दी गयी है जिसमें वन विभाग के डिपो से प्रतिमाह 100 नग बांस कुछ साल पूर्व तक सही कीमत पर दी जाती थी वहीं अब जो बांस उपलब्ध करायी जा रही है वह निर्माण कार्यों के लिए अनुपयुक्त और सामान्य कीमत से कही प्रतिशत ज्यादा है। ऐसे में उनके बंसोड़ परिवार जो कि ब्लाक के अलग-अलग गांव में निवासरत है करीब 21 पर्चियां डिपो द्वारा जारी है इनमें से कुछ को छोड़कर बाकी किसी भी पर्चीधारक बंसोड़ ने पिछले 2 सालों से उक्त डिपों से बांस नहीं खरीदा है। इस दशा में उनके पास एक ही विकल्प बचता है कि गांव-गांव घूमकर बांस की व्यवस्था करें मगर ऐसा करने से उनके द्वारा बनाये गये सामानों की सही कीमत उन्हें नहीं मिल पाती है जिससे वे कभी-कभी हताश ही जाते है संतराम बंसोड़ ने बताया कि वो इस कार्य में बचपन से ही जुटा हुआ है वहीं विवाह के बाद अब अपनी पत्नि श्रीमती उर्मिला बंसोड़ के साथ वो इस काम को कर रहे है। वर्तमान में जब चहुंओर शादी ब्याह की सीजन प्रारभ होने जा रहा है तो ऐसे में शादी के सामानों का पुरा सेट जिसमें बिजना, चुरकी, पर्रा हाथ पंखा सहित अन्य सामान की बिक्री शुरू हो जावेगी। इसके अलावा सुपा 40 से 50रूपये, सब्जी डाला 180रूपये तक, मुर्गी रखने का बाक्स (गरना) 100रूपए तथा हाथ पखा जिसका कि शादी ब्याह में अधिक मांग होती है महज 10-15रूपये में बनाकर बेच रहे है। ब्लॉक के ऐसे दर्जनों बंसोड़ परिवार है जो बांस की अनुपलब्धता से व्यथित है इन बंसोड़ों का मानना है कि यदि उन्हें डिपों से सही क्वालिटी के बांस सही कीमत पर प्रतिमाह उपलब्ध करायी जाती है तो वे इस इस परंपरागत कला को और बेहतर ढंग से आगे बढ़ा पायेंगे अन्यथा आने वाले समय में यह कला विलुप्ति के कगार पर होगी। वहीं जानकारों का यह भी मानना है कि बंसोड़ को जिस क्वालिटी की बांस की आवश्यकता होती है वही करील निर्माण के लिए बढ़ने से पहले ही काट ली जाती है, जिससे पर्याप्त मात्रा में बांस नहीं मिल पाती है।

कोंडागाव जिले के पत्रकारगण दीपावली मिलन के साथ मांझीनगढ़ का आनंद उठाया

केशकाल। वनमंडल केशकाल जिला कोण्डागांव अंतर्गत वन परिक्षेत्र विश्रामपुरी के अधीन उपवन परिक्षेत्र गोविन्दपुर अंतर्गत व विश्रामपुरी मुख्यालय से 13 किमी दूरी एवं समुद्री तट से लगभग 2464 फीट ऊंचाई व 1000 हेक्टेयर में फैले विशाल हरा भरा भू-भाग मांझीनगढ़ के नाम से इन दिनों पर्यटक एवं क्षेत्रवासियों के मन में विशेष स्थान अर्जित क करते रहे है, जो मांझीनगढ़ को पर्यटकों के लिए अधिक से अधिक सुन्दर व जन सुविधा के लिए विकसित करने का इच्छा व आकांक्षओं के साथ विकास की नयी ऊंचाईयों तक पहुॅचाने की दृढ संकल्प लेकर वनमंडल केशकाल में वनमंडलाधिकारी श्री गणवीर धम्मशील का ध्यान मांझीनगढ़ के ओर आकर्षित किया। इन्होने मांझीनगढ़ दुर्गम पहाडी चट्टान उंचाईयों तक अपना सायकल में सवार होकर 1000 हेक्टेयर भू-भाग में फैले वनो को सुक्ष्मता जांच परखने के बाद सुन्दर व आकर्षित व पर्यटको को अधिक सुविधा जनक बनाने का कार्य प्रारंभ किया गया है, माझीनगढ़ के नाम से जाना जाने वाला विशाल सुन्दर भू-भाग को दिनांक 21/11/2020 को कोण्डागांव जिला अंतर्गत कोण्डागांव, फरसगांव, केशकाल, विश्रामपुरी एवं बांसकोट से दीपावली मिलन

कार्यक्रम के तहत अपने आनंद उठाने पहुॅचे जिले भर के करीब 20-25 के संख्या के पत्रकारों के दल के साथ श्री रामसेवक ठाकुर, वनपरिक्षेत्र अधिकारी विश्रामपुरी एवं इनके अधीनस्थ कर्मचारियों द्वारा 1000 हेक्टेयर में फैले विशाल भू-भाग का विभिन्न दर्शनीय सुन्दर स्थानों का भ्रमण कराया व मांझीनगढ़ के बारे में पूरा जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि मांझीनगढ़ ऊंचाई पहाडियों से नीचे खाई जंगल फारेस्ट एरिया के लास्ट आखरी में दुधावा बांद का विश्रामगृह हल्का सा दिखाई देने की जानकारी वन परिक्षेत्र अधिकारी रामसेवक ठाकुर ने बताया है। पहाडियों के नीचे हरे-भरे जंगल के बीच में कई ग्राम निवासरत होने का भी जानकारी फारेस्ट अधिकारी सूत्रों से प्राप्त हुआ है।

मांझीनगढ नामकरंण की किंवदंती कहानी जितनी रोचक रोमांचक एवं रहस्य भरी है उतनी ही उसकी भौगोलिक विशिष्ठता एवं प्राकृतिक सौंदर्यता भी मनमोहक है। प्रकृति का यह अनुपम उपहार प्रदेश और देश के प्रसिद्ध पर्यटन स्थलों की सूची में खास स्थान अर्जित कर सकता हैं पर अफसोस कि आज तक इस स्थान को वो शोहरत नहीं मिल पाया जिसका वो हकदार हैं। हम पत्रकारों का आपस में एक सांथ मिलने जुलने बैठने का संयोग नहीं बन पा रहा था सो अचानक केशकाल के कुछ पत्रकार साथियों का दीपावली मिलन कार्यक्रम रखने का सुझाव आया। दीपावली मिलन का यह आयोजन महज हम पत्रकारों का मेल मिलाप भर का आयोजन भर न रह जाये यह अधिक से अधिक सुखद -सफल- दीर्घकालिक फलदायक और स्मरणींय हो जाये यह मेरो मन-मस्तिष्क सोचने में जुट गया। जिसका यह प्रतिफल रहा कि कोंडागांव जिला के अधिक से अधिक पत्रकार साथी को मांझीनगढ में आमंत्रित करने और कोंडागांव जिला के अंतिम छोर पर रचे बसे ग्राम -कौंदकेरा जाकर ग्राम विकास का जायजा लेने का कार्यक्रम बन गया।

बारसूर पहुंची जिपं अध्यक्ष ने ग्रामीणों की बैठक कर सुनी समस्या

दंतेवाड़ा। जिला पंचायत अध्यक्ष तुलिका कर्मा आज अपने एक दिवसीय प्रवास के दौरान बारसूर पहुँची। बारसूर में पहुँच उन्होंने ग्राम पंचायत हितामेटा, भटपाल, मुचनार के ग्रामीणों से मुलाकात कर उनकी समस्या सुनी। ग्रामीणों ने जिपं अध्यक्ष को बताया कि आसपास के सभी गांव में रोड, पानी की बुनियादी समस्या है। जिस पर तुलिका कर्मा ने ग्रामीणों को आश्वासन दिया कि जल्द ही उनकी मांग पूरी की जाएगी। इस दौरान कांग्रेस कमेटी के जिलाध्यक्ष अवधेश गौतम, रैतू मंडावी, अमोलकर नाग, रूपधर नाग, अजय सरकार, देवव्रत विश्वास,

कृष्णा नाग, पुरुषोत्तम यादव समेत अन्य कांग्रेसी मौजूद थे।

प्रवास के दौरान तुलिका कर्मा का पार्टी सदस्यो ने केक काटकर जन्मदिन भी मनाया। इस दौरान तुलिका कर्मा ने सभी कार्यकर्ताओं का आभार भी जताया।

जनजाति गौरव पखवाडा में कु संगीता नेताम प्रथम

केशकाल। 6 नवंबर से 20 नवंबर 2020 कल दिनांक 20 नवंबर को जनजाति गौरव पखवाडा का समापन समारोह वनवासी कल्याण आश्रम रायपुर मे किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा.नंदकुमार साय पूर्व राष्ट्रीय जनजाति आयोग, कार्यक्रम के अध्यक्ष मा.केदार कश्यप पूर्व मंत्री छ ग शासन, मुख्य वक्ता माननीय प्रेमशंकर सिदार प्रान्त प्रचारक छत्तीसगढ़ ,प्रान्त विशेष अतिथि मा.?म डी ठाकुर अध्यक्ष जनजाति गौरव समाज छत्तीसगढ़,मा

रतनलाल जी अग्रवाल अध्यक्ष वनवासी विकास समिति छत्तीसगढ़ के गरिमा मय उपस्थिति मे सादर सम्मान हुवा तथा भगवान बिरसा मुंडा पर निबंध लेखन प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागी की घोषणा किया गया।

हाई स्कूल / हायर सेकेंडरी स्तर पर प्रथम स्थान पर कु. संगीता नेताम कक्षा 11वी बहीगांव केशकाल जिला कोंडागांव , दूसरा स्थान अंजली साहू भिलाई रायपुर, तीसरे स्थान पर कु. अंजली नेटी स्थान ढ़ोलगी जिला मुंगेली रही ।

स्नातक /स्नात्तकोत्तर स्तर पर प्रथम कु. अम्बिका पी जी कालेज जिला जगदलपुर,दूसरे स्थान पर विमल कुमार शांडिल्य ग्राम मोदे नगरी जिला धमतरी रहा ,तीसरे स्थान पर यश कुमार ठाकुर योगांदम छत्तीसगढ़ कॉलेज रायपुर रहा ।

कंस्ट्रक्शन कंपनी दे रही है हादसे को दावत

पुल से निकल आई हैं लोहे की छड़ें

नवप्रदेश संवाददाता

बीजापुर। लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली धनोरा-तोयनार सड़क पर बने पुल किसी बड़े खतरे को दावत देने के इंतजार में हैं। दो साल पहले बने इस पुल के बीचों बीच से लोहे की छड़ें बाहर निकल आई हैं और ये ही किसी बाइक सवार को रात में हादसे की ओर ढकेलने में काफी है।

लोक निर्माण विभाग के अधीन आने वाली इस सड़क का डामरीकरण करीब दो साल पहले की स्टोन कंस्ट्रक्शन कंपनी ने किया था लेकिन विभाग के अफसरों ने काम की गुणवत्ता पर गौर नहीं किया। धनोरा और तोयनार के बीच डामरीकरण तो कर दिया गया लेकिन बोरजे और धनोरा के बीच पुराने पुल के उपर सीसी का काम कर लीपापोती कर दी गई। काम अमानक होने के कारण दो साल में ही पुल के बीचोंबीच छड़ें निकल आई हैं। इससे बाइक सवार और छोटी कारों के लिए ये रात में मुसीबत खड़ी कर सकती हैं। बताया गया है कि पुलिया के दोनों ओर की मिट्टी भी धसकने लगी है और ये भी राहगीरों के लिए खतरे की घंटी है। इस मार्ग से कई गांवों फरसेगढ़, बोरजे, पापनपाल, मोरमेड़, तोयनार, चिंतनपल्ली, कचलारम, दुपेली आदि के लोगों का रात दिन आना जाना लगा रहता है। रात में बाइक सवारों के लिए ये पुल काफी खतरनाक है। विभाग के अफसर ना तो कभी निरीक्षण करने आते हैं और ना ही कंस्ट्रक्शन कंपनी को इससे सरोकार है।

बातों...बातों में...

सुकांत राजपूत

नर्क में स्वागत है...

फोर्स में जब तक बैरक में हैं तब तक स्वर्ग है, सर्चिंग में मीलों पैदल चलने के बाद ही नर्क का ऐहसास होने लगता है। हालाकि निर्भीक जवानों के लिए नर्क और स्वर्ग क्या उसे तो अपना कर्तव्य निभाना है। लेकिन एसटीएफ का एक आला अधिकारी ऐसा है कि उसे अपना घर भी नर्क लगता है। शायद, इसलिए भिलाई के सरकारी बंगले में साहब ने प्रवेश व्दार में ही मोटे अक्षरों में लिखवाया है...वेलक टू हेल..! एसटीएफ के साहब यूं तो आर्मी रिटर्न हैं और डील-डौल में भी यम जैसा ही है। मुफ्त सेवा में भी गजब का जज्बा तो तारीफ के काबिल है ही, उनकी खान-पान की भी मातहतों में काफी चर्चा है। उस पर उनकी बड़ी सी मुंडी, चौड़े-चौड़े पंजों और बिना माईक के भी बुलंद आवाज से महकमें के लोगों की रूहें कांप उठती हैं। ऐसे व्यक्तित्व के धनी एसटीएफ के आला साहब के घर में दिन को तो लोग चल भी देते हैं, लेकिन रात को दरवाजे पर लिखी वेलकम टू हेल वाली ईबारत और अंधेरे में डूबे बंगले में रात को कोई नहीं जाना चाहता।

दाऊ की चुटकी...

दाऊ जी का मिजाज ही कुछ नारियल जैसा है। बाहर से सख्त और अंदर से रसीले, गुदेदार और स्वादिष्ट। खैर, जिसने उन्हें चखा है ये बखान उनके लिए नहीं है, हम तो उन्हें बताना चाहते हैं जो महज चुटकी लेने पर ही दाऊ जी का आशय यूं समझाने लगे थे कि मानों उनकी रग-रग से वाकिफ हों! बात चंद रोज पहले राजीव भवन में एक सभा की है। जब सीएम बोलने उठे तो माईक गड़बड़ाने लगा। कुछ और भी कमियों और खामियों के बाद यूं माईक का साथ छोड़ देना वाकई चौंकाने वाली बात थी। बस फिर क्या था दाऊ जी ने अपने ही अंदाज में कह गए, उनकी आवाज दबाने की कोशिश हो रही है और संचार-मीडिया प्रभारी शायद दो पद नहीं सम्हाल पा रहे हैं। दाऊ जी की महज इस चुटकी को चेतावनी समझने वालों ने हल्ला करना शुरु कर दिया...या तो अब पाठ्य पुस्तक का जिम्मा रहेगा या फिर कांग्रेस संगठन में संचार-मीडिया का..! दाऊ जी को हम जितना जानते हैं उससे तो यह महज चुटकी लगी पर अब वे कुछ बदल गए हों तो कहा नहीं जा सकता है।

तेरा तुझको अर्पण...

तेरा जुझकों अर्पण, क्या लागे मेरा के उलट तेरा मुझको अर्पण अब क्यों लौटाउं तेरा वाली लाइन कही जा रही है। एक विभाग के सेक्रेटरी के घर इन दिनों एडवांस वापिस मांगने के लिए ठेकेदारों की लंबी लाइन लगी हुई है। करोड़ों के ठेके की बंदरबांट के बाद काम अटक गया। कईयों की एडवांस पेमेंट अटक गई है। काम भी आला फरमान के बाद फिर से करने की तैयारी है। ऐसे में जिन्होंने काम के एवज में दाम चुकाया वो अब वेंटिलेटर में पहुंच गए हैं। कुछ मजबूत इम्यूनिटी वाले ठेकेदार हैं जो अब महकमें के सचिव से सीधे पैसे लौटाने की गुजारिश कर रहे हैं। वजह साफ है, काम उन्हें मिल नहीं सकता वे जानते हैं इसलिए तो पैसा दिए थे अब जब काम नहीं तो दाम नहीं, लौटाना तो पड़ेगा ही। इधर चंडू खाने की खबर है कि बेचारे सेक्रेटरी ने तो कमिशन काटकर रकम आगे बढ़ा दी थी तो बकाया अमाउंट तो वहां फंसी है।

उमेश और मजबूत...

क्या सोचकर अपने उज्जवल प्रशासनिक भविष्य को सियासत के पैरों तले रौंद दिया ये सवाल आज भी भाजपा नेता ओपी चौधरी के चेहतों को सालता है। बातों ही बातों में एक समर्पित समर्थक मिल गया तो उसने नया राज खोला। दुख की वजह पूछने पर उसने भारी मन से कहता चला गया, बस...हो गया अब ओपी सर के लिए मुश्किल है, उमेश ने क्षेत्र में खुद को और मजबूत कर लिया है। हराना नामुमकिन है। पिता को जब जूदेव जैसे करिश्माई नेता ने नहीं हरा पाया तो फिर ज्यादा मजबूत हो चुके उमेश के खिलाफ किसी भाजपाई के लिए खड़ा होना भी हारने के समान है। समर्थक ने यह भी कहा, साहब अगर अचानक की बजाए कई साल पहले यह तैयारी करते तो उम्मीद भी थी। अब तो एकमात्र विकल्प है उन्हें सीट बदलनी पड़ेगी।

बस्तर में दम तोड़ रही शासकीय योजनाएं

■ पंचायतो में वास्तवित हितग्राहियों को उनके हक से किया जा रहा महरूम

■ ओडीएफ ग्राम बॉसकोट की दिव्यांग यशोमति आज भी खुले में शौच को मजबूर

■ खण्डहर में दिन काटते पीएम आवास व शौचालय की बाट जोह रहा रामभुवन

■ उधार की निर्माण सामग्री ले बनाया शौचालय, आहरण के बावजूद नहीं मिले संजय को पैसे

नीरज उईके

कोण्डागांव। विश्व शौचालय दिवस पर एक ओर जहां वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टीएस सिंहदेव जिले को पुरस्कारो से नवाज रहे थे, वहीं दूसरी ओर दिव्यांग बच्ची यशोमति अपनी माँ बिना बाई सेन के हांथो का सहारा ले खुले में शौच को जाते रास्ते मे नजर आ रही थी,तो वहीं रामभुवन अपने ढह रहे घरौंदे में उज्वला योजना के लाभ से महरूम मिट्टी के चूल्हे में मक्के के ठूंठ से खाना पकाने की कोशिश कर रहा था।

टीम नवप्रदेश जब कोण्डागाँव जिले के विश्रामपुरी ब्लॉक के ग्राम पंचायत बांसकोट पहुंची तो वहाँ वास्तविक तस्वीर कुछ और ही नजर आ रही थी।जहाँ आज भी कागजो में सजे शौचालयों की पोल खोलती तस्वीरें व वास्तविक हितग्राही पीएम आवास के लिए भटकते नजर आये। विडंबना यह है कि जिन जनप्रतिनिधियों व पंचायत सचिवो के भरोसें योजनाएं संचालित होती हैं, उन्होंने ही हितग्राहियो के हितों पर कुंडली मार रक्खा हैं।

कहीं हितग्राहियों को आहरित हुए पैसे नही दिए गए हैं तो कहीं वास्तवित हितग्राहियों को उनके हक से ही महरूम किया गया है। जिसके चलते ओडीएफ ग्राम पंचायत बॉसकोट की दिव्यांग खुले में शौच को मजबूर है तो रामभुवन पटेल अपने टूटे घरोंदे में रहने को मजबूर ।

टीम नवप्रदेश को अपनी व्यथा सुनाते रामभुवन ने कहा कि उसका घर कभी भी ढह सकता है लेकिन वह मजबूर है अपने भाई के साथ वहां रहने।उक्त मकान में निवास से डर नही लगता के जवाब में उसने कहा कि कहाँ जाए दूसरा कोई आसरा भी तो नहीं,ब मुश्किल दोनों भाई दुसरो के घर कामकाज कर रोजी रोटी जुगाड़ पाते हैं ,वहीं ग्राम पंचायत कार्यालय के जिम्मेदार पदाधिकारी शायद उस गरीब मजदूर की उसके ही घरोंदे के मलबे में दबने का इंतेजार कर रहे हैं।

वहीं ओडीएफ का तमगा हासिल कर चुके ग्राम पंचायत के 70 प्रतिशत घरों के शौचालय आज भी अधूरे हैं, ग्राम के ही संजय सार्दुल ने बताया कि उसे केवल 3 बोरी सीमेंट व 1 दरवाजा ग्राम पंचायत की ओर से उपलब्ध करवाया गया,उसने अपने शौचालय को उधार का सामान लेकर पूर्ण करवाया लेकिन उसके नाम की राशि ग्राम पंचायत से आहरित होने के बावजूद भी आज तक उसके पैसे उसे नही दिए गए हैं। वहीं ओडीएफ के नाम से हितग्राहियों को आहरित राशि मे किसी को 2 हजार तो किसी को कुछ सामग्री उपलब्ध करवा पैसों का बंदर बाँट कर लिया गया है।वहीं जिम्मेदार अधिकारी कागजों में चल रहे विकास का आईना दिखा वाहवाही लूट रहे हैं।

मामले में जब ग्राम पंचायत सचिव माखन से उनके मो.8839007654 पर बात कर हितग्राहियो को लाभ से वंचित होने का कारण जानना चाहा पर लगातार फोन करने पर भी उन्होंने फोन रिसीव नही किया,वही जनपद पंचायत विश्रामपुरी के सीईओ जनपद ए.के.ठाकुर का फोन भी 8269233099 भी दो दिनों से बंद है,जिसके चलते मामले में उनसे किसी प्रकार की जानकारी नहीं मिल सकी।

मामले पर क्षेत्रीय विधायक केशकाल संतराम नेताम ने कहा कि अगर इस प्रकार के मामलों में हितग्राहियों को लाभ से वंचित किया गया होगा तो जिम्मेदारों पर सख्त कार्यवाही की जाएगी,किसी भी हितग्राही को उसके अधिकार से वंचित हीने नही दिया जाएगा।

शादी का प्रलोभन देकर नाबालिग का यौन शोषण, आरोपी गिरफ्तार

खरोरा। नाबालिग लड़की को शादी का प्रलोभन देकर भगा कर लेजाकर शारिरीक सबंध बनाने वाला आरोपी को जेल भेजा गया । थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर ने बताया कि थाना खरोरा अन्तर्गत ग्राम बुड़गाहन से दिनांक 16/11/2020 को 16 वर्षीया बालिका गुम हुई थी। बालिका के पिता की रिपोर्ट पर दिनाँक 18/11/2020 को अपराध क्रमांक 388/2020 धारा 363 भादवी कायम किया गया था। आज दिनांक को अपहृत बालिका को आरोपी राजेश बघेल के पास से ग्राम बैलसांडा थाना कोतवाली जिला महासमुंद से बरामद किया गया। बालिका द्वारा दिए कथन में आरोपी द्वारा शादी का झांसा दे कर भगा ले जाना व दुष्कर्म करना बताया जाने पर मामले में भादवी की धारा 366, 376 व पॉस्को एक्ट की धारा 06 जोड़ने पश्चात आज आरोपी राजेश बघेल पिता विनोद बघेल आयु 32 वर्ष निवासी बेलसोंड जिला महासमुंद को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया। बता दे थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर ने गुम इंसान रिपोर्ट को गभीरता से लेते वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक यादव के मार्ग दर्शन मे टीम बना गुम हुए नाबालिग लड़कीयो को परिजनों के पास पहुंचाने के अलावा आरोपियों को जेल भेजा जा रहा है ।

ट्रक ड्राइवर को लूटने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

खरोरा। खरोरा थाना अन्तर्गत ग्राम सारागाव सिलयारी मार्ग मे हाईवा चालक से मारपीट कर नगदी लूट आरोपी को चंद घंटों मे पकड़ पाने मे कामयाबी हाथ लगी तीनो आरोपी को जेल भेजा गया वही एक अन्य फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी नितेश सिंह ठाकुर ने बताया कि आज दिनांक 20/11/2020 की सुबह ट्रक ड्राइवर भगवानी राम खूंटे आयु 30 वर्ष,निवासी ग्राम कुर्रा अपने हाइवा वाहन से कपसदा से वापस आ रहा था। सुबह करीब। 6 बजे सारागांव सिलयारी मुख्य मार्ग में निलजा ग्राम नर्सरी के पास 4 आरोपियों द्वारा वाहन को रोक कर ड्राइवर व खलासी से मारपीट कर उनसे 25370/ रुपये नगदी, मोबाइल फोन, गाड़ी का साउंड बॉक्स व कुछ कागजात लूट कर फरार हो गए। प्रार्थी भगवानी राम की रिपोर्ट पर एक नामजद सही 4 आरोपियों के खिलाफ अपराध क्रमांक 392/2020 धारा 394, 34 भादवी पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया था। आज लूट के मामले में आरोपी 1. अजय मंडावी पिता अवतार सिंह आयु 20 वर्ष 2. परवीन उर्फ प्रवीण पिता विनोद सिंह उईके आयु 20 वर्ष व 3. शिवा सिंह उईके पिता बेजु सिंह आयु 20 को पकड़ा गया है। आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर लूटा गया मोबाइल फ़ोन, साउंड बॉक्स, 9500 रुपये नगदी रकम व कागजात बरामद किया गया है। चौथे आरोपी जीवन मंडावी की तलाश जारी है। मामले में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है।वही आरोपी के पास से पुलिस ने घटना मे प्रयुक्त दो मोटर साइकिल को आरोपीयो से जप्त किया है।

गांव में हुडदंग वाला करने वाले दो गिरफ्तार

खरोरा। अपने ही गाँव मे हुडदंग कर दहशत फैलाना दो लोगों को भारी पडा खरोरा पुलिस ने दोनो आरोपियों को जेल की हवा खिलायी । प्राप्त जानकारी अनुसार थाना खरोरा अन्तर्ग ग्राम कोसरंगी व तुलसी डहरिया में अशांति फैला रहे क्रमशः हिमांशु साहू पिता मूलचंद साहू आयु 22 वर्ष व धरमचंद उर्फ गोल्डी पिता भागचंद आयु 21 वर्ष के खिलाफ धारा 151, 107, 116(3) जाफौ के तहत प्रतिबन्धात्मक कार्यवाही की गई।

सिर में डण्डा मारकर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

लवन। लवन चौकी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बाजारभाठा में मामूली बात को लेकर दो लोगों में आपस में कहा सूनी होकर धीरे-धीरे विवाद बढ़कर लड़ाई झगड़ा पर उतार आये। जिसमें एक व्यक्ति ने सिर व गले को डण्डे से मारकर चोंट पहुंचाकर हत्या कर दिया। घटना के बाद मृतक व्यक्ति का भाई घर जाकर उक्त घटना के संबंध में बताया। जहाँ मृतक व्यक्ति लहू लुहान हालात में मृत अवस्था में पड़ा हुआ था। सनकी आरोपी का गुस्सा इतना की डण्डे से ताबड़तोड़ हमला कर उसे जान सहित मार दिया। परिजन ने इसका सूचना तत्काल लवन चौकी को दिए। जिस पर लवन चैकी के द्वारा आरोपी युवक का रिपोर्ट दर्ज कर गिरफ्तार जेल दाखिल कर दिया गया।

पुलिस चौकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बाजारभाठा में 20 नवम्बर की रात्रि 8.30 बजे मृतक व्यक्ति विजय केंवट पिता जनकराम केंवट उम्र 24 वर्ष व आरोपी गणेश पैकरा उम्र 30 वर्ष ग्राम बाजारभाठा दोनों व्यक्ति गांव रामकीर्तन के घर के पास बजरंग चैक पर थे। जहां पर दोनों में मामूली बात को लेकर कहां सूनी हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि गणेशराम केंवट ने मृतक विजय केंवट के सिर व गले में लगातार ताबड़तोड़ हमला लहू लूहान कर दिया जिससे मृतक विजय केंवट की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। उक्त घटना की जानकारी मृतक व्यक्ति का भाई अजय केंवट ने घर आकर उक्त घटना की जानकारी परिजनों को दिये। तब परिजनों ने घटना स्थल पहुंचकर देखा तो मृतक विजय केंवट मृत अवस्था में लहु लूहान हालात में पड़ा हुआ था। रंजिश को लेकर हत्या करने आरोपी गणेश पैकरा के विरूद्ध मृतक व्यक्ति का पिता जनकराम केंवट पिता संतराम केंवट उम्र 45 वर्ष ने लवन चैकी पहुंचकर आरोपी व्यक्ति गणेशराम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई की मांग किये थे। दर्ज रिपोर्ट के आधार पर आरोपी गणेश पैकरा के निशानदेही पर घटना में उपयोग किये खुन लगा हुआ एक बांस का डण्डा एवं आरोपी का कपड़ा जिसमें खुन का दाग हुआ था जिसे जप्त कर आरोपी के विरूद्ध धरा 302 भादवि का अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश करने के उपरांत उप जेल बलौदाबाजार भेज दिया गया। उक्त कार्यवाही में पुलिस अधीक्षक आई.के. एलेसेला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक निवेदिता पाल एवं अनुविभागीय अधिकारी बलौदाबाजार सुभाष दास, के मार्गदर्शन में चैकी प्रभारी यशवंत प्रपात सिंह, थाना प्रभारी कसडोल अरूण साहू, प्रधान आरक्षक देवेन्द्र देवांगन, संतलाल बिंझवार, आश्रक्षक तिलक सिदार, विष्णु खटकर, शैलेन्द्र बंजारे, कमल कुर्रे, नन्दू यादव, निरंजन सेन, प्रकाश भारद्वाज का विशेष योगदान रहा।